## सोनी ज्वेलर्स में चोरी, जांच में जुटी पुलिस

**कोडरमा(आजाद सिपाही)।** तिलैया थाना क्षेत्र के सीएच स्कूल रोड स्थित सोनी ज्वेलर्स में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया।शुक्रवार की सुबह ज्वेलरी दुकान से सटे एक दुकानदार जब अपनी दुकान खोलने आया तो उन्होंने ज्वेलरी दुकान के शटर का ताला टूटा हुआ पाया।इसके बाद उन्होंने इसकी सूचना ज्वेलरी दुकानदार को फोन कर दिया। घटना की सूचना के बाद ज्वेलरी दुकानदार बेलगढ़ा निवासी जवाहर सोनार मौके पर पहुंचे और इसकी सूचना तिलैया पुलिस को दी। इसके बाद तिलैया थाना प्रभारी राम नारायण ठाकुर दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने दुकान के बगल में फेंका गया शटर का टुटा हुआ ताला एवं एक रॉड बरामद किया है। जवाहर सोनार ने बताया है कि चोरी की इस घटना में अपराधियों के द्वारा 40 से 50 हजार रुपये के चांदी के कई आभूषण चोरी कर लिए गए हैं। उन्होंने बताया कि 8 वर्ष पहले भी उनके दुकान में चोरी हुई थी। जिसके बाद पुलिस के द्वारा घटना में शामिल अपराधियों को गिरफ्तार किया गया था।फिलहाल पुलिस अपराधियों को पकड़ने के लिए सीएच स्कूल रोड में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है।

## ट्रेन में चेकिंग के दौरान 5 किलो गांजा किया बरामद

**कोडरमा(आजाद सिपाही)।** आरपीएफ ने जम्मूतवी एक्सप्रेस के साधारण कोच में चेकिंग के दौरान शौचालय के निकट रखें काले रंग का पिट्ठू बैग बरामद किया।जब आरपीएफ की टीम ने आस पास बैठे यात्रियों से पूछताछ किया गया तो किसी ने अपना दावा नही किया।जब पिट्ठू बैग खोल कर देखा गया तो लिकोपलास्टिक में कसकर पैक किया हुआ 1 गांजा का पैकेट जिसका वजन 5 किलो था।उन्होंने बरामद कर लिया।आरपीएफ प्रभारी जवहार लाल ने बताया की गांजा के पैकेट को अग्रिम कार्यवाही करते हुए जीआरपी को सौपा।उन्होंने बताया कि 5 किलो बरामद गांजा का अनुमानित कीमत 50 हजार है।

## अदालत के फैसले का स्वागत : मनोज पांडे



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** झारखंड हाईकोर्ट में हजारीबाग बरही के दिवंगत रूपेश पांडेय की मां उर्मिला पांडेय द्वारा दाखिल क्रिमिनल रिट पर सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने कहा कि रूपेश पांडेय हत्याकांड की जांच सीबीआई करेगी। झारखंड हाईकोर्ट के न्यायधीश जस्टिस एस के द्विवेदी की अदालत ने यह आदेश दिया है, मामले से जुड़े सभी पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने अपना फैसला सुनाया है। अदालत के फैसला आने पर कान्यकुब्ज ब्राह्मण महासभा झारखंड खुशी जाहिर की है! ब्राह्मण महासभा झारखंड के संयोजक मनोज कुमार पाण्डेय, महामंत्री वसंत पाण्डेय एवं उपाध्यक्ष उमेश पाण्डेय ने संयुक्त ब्यान जारी कर कहा कि सच्चाई की एक दिन जीत होती है! कान्यकुब्ज ब्राह्मण महासभा राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मांग करती है कि विगत 28 मार्च को रांची स्थित रानी अस्पताल में हल्का बुखार एवं हाथ में दर्द महसूस होने पर हजारीबाग चौपारण निवासी देवदत्त कुमार पाण्डेय के पुत्र पांच बर्षीय सक्षम कुमार पाण्डेय के अस्पताल में लापरवाही ईलाज के चलते मौत हो गई थी,जो अभी तक अस्पताल के संचालक का गिरफ्तारी नहीं होना संदेह के घेरे में लगता है! ब्राह्मण महासभा सक्षम कुमार पाण्डेय के मौत का सीबीआई जांच करवाया जाय ताकि दुध का दुध और पानी का पानी हो सके!

## श्री अग्रसेन जयंती धूमधाम से मनाने का निर्णय

**झुमरीतिलैया(आजाद सिपाही)।** अगवाल समाज की कार्यकारिणी की बैठक श्री अग्रसेन भवन झुमरीतिलैया में हुई। इसकी अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष विश्वनाथ दारुका और संचालन सह सचिव अनूप सरावगी ने किया। बैठक में जयंती के संयोजक प्रदीप केड़िया को बनाया गया। वहीं इसी महीने नई कमेटी का गठन करने के लिए चुनाव कराने का निर्णय लिया गया। इसमें चुनाव पदाधिकारी मधुसूदन दारुका, सह चुनाव पदाधिकारी उमाशंकर जगनानी व महेश दारुका को बनाया गया है। इधर जयंती के संयोजक प्रदीप केड़िया ने बताया कि इसी सप्ताह अग्रवाल महिला संगठन, युवा मंच की बैठक कर कार्यक्रम की रुपरेखा पर चर्चा की जाएगी। इस बैठक में कार्यक्रम के परियोजना निदेशक भी चुने जाएंगे। 26 सितंबर को महाराजा अग्रसेन की पूजा-अर्चना, हवन, शाम में गोष्ठी, सांस्कृतिक कार्यक्रम, छात्र सम्मान और वभिन्न प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा। बैठक में कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल, दीन दयाल केड़िया, पवन चौधरी, संजय खेमानी, प्रदीप बंसल, संदीप हिसारिया, संजय दारुका, मनोज केड़िया, प्रदीप हिसारिया उपस्थित थे।

## 11 सितंबर को दलित शोषण मुक्ति मंच का दूसरा जिला कन्वेंशन

**कोडरमा(आजाद सिपाही)।** दलित शोषण मुक्ति मंच कोडरमा के जिलाध्यक्ष दिनेश रविदास प्रेस ब्यान जारी कर बताया कि दलित शोषण मुक्ति मंच जिला कोडरमा का दूसरा जिला कन्वेंशन 11 सितंबर 2022 को साहु धर्मशाला झुमरीतिलैया मे होना तय हुआ है । इस कन्वेशन मे जिला के चुने हुए प्रतिनिधि भाग लेगें और देश मे दलितों पर हो रहे अत्याचार, बैंक, बीमा, रेलवे, अस्पताल एंव शिक्षा के हो रहे नीजिकरण के अलावे आरक्षण एंव दलितों की हडपी जा रही जमीन तथा जाति, आय, आवासीय प्रमाण पत्र निर्गत करने मे हो रही कठिनाईयों जैसे अनेक महत्वपूर्ण मुद्दे पर व्यापक चर्चा के उपरांत कुछ प्रस्ताव पारित किया जायेगा। कन्वेंशन को सफल बनाने हेतु प्रेमप्रकाश, महेन्द तुरी, संजय कुमार दास, राहुल कुमार, दीपक पासवान, प्रकाश पासवान, मुकेश रजक, महाबीर पासवान, अशोक रजक, रामचंद्र राम, राजेश कुमार दास, अर्जुन रजक, दीपक कुमार, संजय दास, मदन राम, अनिल कुमार दास लगे हुए हैं।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने अंकिता की हत्या का किया विरोध

**कोडरमा(आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष नरेंद्र पाल के नेतृत्व में झारखंड की बेटी अंकिता को न्याय दिलाने एवं उसके हत्यारे शाहरुख हुसैन एवं छोटू मियां को फांसी की सजा दिलाने हेतु पार्टी कार्यकर्ता हाथों में अंकिता को न्याय दो, अंकिता के हत्यारे को फाँसी दो, महिला विरोधी हेमंत सरकार शर्म करो, हेमंत सोरेन हाय हाय, तुष्टीकरण की नीति बंद करो, की तख्तियां लेकर बजरंगबली मन्दिर से समाहरणालय तक आक्रोश रैली सह विरोध प्रदर्शन किया। समाहरणालय पहुँचकर महामहिम राज्यपाल झारखंड के नाम ज्ञापन उपायुक्त को सौंपा गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष नितेश चंद्रवंशी, अनूप जोशी, श्रीमती कांति देवी, सूरज मेहता, अनामिका देवी, राजकुमार यादव, राजेश कुमार सिंह, जाहिद हुसैन, प्रवीण कुमार पांडे, चंदन सिन्हा, बिट्टू सिंह, सचिंद्र शर्मा, राजू यादव, मुकेश यादव, पिंटू श्रीवास्तव, अभय कुमार, उदय कुमार, संदीप यादव, बाबू ,रमेश भारती ,राजेंद्र पासवान, रवि राम, सुधीर शर्मा, राजकुमार सिंह, नरेंद्र सिंह, सोनू श्रीवास्तव, राजा गुप्ता, अंबिका प्रसाद, बबली सिंह, नितेश कुमार, मुकेश राम, गणेश राम, सन्तोष यादव, गुड्डू कुमार शामिल हुए।

## शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना हुए सेक्रेड हर्ट के बच्चे

**झुमरीतिलैया(आजाद सिपाही)।** सेक्रेड हार्ट स्कूल के बच्चे शुक्रवार की सुबह मनाली टूर एवं शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना हो गए। इस विद्यालय के 21 बच्चे स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस से मनाली के लिए रवाना हुए हैं। शुक्रवार की सुबह में स्टेशन पहुंच कर प्राचार्य नवीन कुमार, शिक्षक प्रवीण कुमार ने छात्रों को रवाना किया। 7 दिन के बाद यह बच्चे वापस लौट आएंगे। सभी बच्चे मनाली के अलग-अलग प्राकृतिक दृश्य का आनंद लेंगे। कोडरमा में किसी स्कूल के लिए यह पहला मौका है जब बच्चों को टूर के लिए बाहर भेजा गया हो। बच्चों के साथ शिक्षक किशोर कुणाल और अलका सिंह साथ में गये हैं। विद्यालय के निदेशक प्रमोद कुमार, एकेडमिक डायरेक्टर प्रमोद कुमार शर्मा, प्राचार्य नवीन कुमार समेत विद्यालय परिवार ने छात्रों के सफल यात्रा की कामना की है। उन्होंने कहा कि मनाली में बच्चे प्राकृतिक दृश्य का लुत्फ तो उठाएंगे ही, वहां के ऐतिहासिक और प्राकृतिक महत्व को वे निकट से महसूस कर सकेंगे। ट्रिप पर जाने वाले बच्चों में यशराज, अंकिता कुमारी, आशीष कुमार, अमन कुमार, अंकित कुमार, कृष्ण मुरारी, नीतीश कुमार, विपिन कुमार, वंशम राज, ऋषिकेश कुमार सिंह, प्रतिक्षा कुमारी, राखी कुमारी, पीयूष प्रतीक, मयंक पांडेय, विधाता राय, कृष्ण कुमार, सागर कुमार, आलोक मोदी, आर्यन तिवारी, माही पांडेय और पीयूष कुमार पांडेय के नाम शामिल हैं।

# मूर्ति विसर्जन के दौरान 17 वर्षीय युवक की पीट-पीटकर कर दी गयी थी हत्या

प्रभाकर पाठक (आजाद सिपाही)



**बरही।** बरही अंतर्गत दुलमहा गांव में दो समुदायों के बीच हुई मारपीट में पिपराघोघर (नई टांड़) निवासी 17 वर्षीय रुपेश पांडे पिता सत्येंद्र पांडे की 6 फरवरी को मौत हो गई थी। मृतक के परिजनों के अनुसार मृतक रूपेश कुमार पांडे अपने दो दोस्तों हिमांशू यादव पिता त्रिवेणी यादव व दिवाकर चौधरी पिता दिनेश चौधरी के साथ मूर्ति विसर्जन में शामिल होने जा रहा था। इसी बीच दुलमहा के कुछ युवकों के साथ कहासुनी हुई उसके बाद पहले से घात लगाकर दुलमहा के कई युवकों ने रुपेश के साथ मारपीट करने लगे थे। मारपीट के दौरान युवक बेहोश हो गया। पीछे से मूर्ति विसर्जन में शामिल होने जा रहे अन्य युवकों ने रूपेश को बेहोशी की हालत में देखा उसके बाद ग्रामीणों को इसकी जानकारी दी थी। ग्रामीणों की मदद से उसे बरही अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया था जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। प्रशासन ने नईटांड़, करियातपुर,दुलमहा एवं बरसोत में धारा 144 लगा दिया था। पोस्टमार्टम से आने के बाद शव के साथ सैकड़ों लोगों ने जी टी रोड को घण्टों तक जाम कर दिया था। परिजनों के साथ साथ ग्रामीणों ने प्रशासन से मृतक के मां को नोकरी,आवास एवं करियातपुर चौक में मृतक रूपेश पांडेय के परिजन को 50 लाख एवं 27 नामजद अभियुक्तों को जल्द गिरफ्तार करने का मांग रखा था। तत्कालीन उपायुक्त आदित्य आनन्द व पुलिस अधीक्षक मनोज चौथे ने घटना स्थल व घर पर पहुंच कर शांति व्यवस्था कायम करने में जुटी गई थी। उपायुक्त ने पीएम आवास के साथ साथ और भी सरकारी मद से मदद करने का आश्वासन दिया था। विधायक अकेला ने सभी आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजने की बात पुलिस के समक्ष रखी थी। पूर्व विधायक सह भाजपा नेता मनोज यादव ने हर संभव मदद करने की बात कही थी। उसके बाद जाम को हटाया दिया गया था। पुलिस ने चार आरोपी को गिरफ्तार किया था। जिसमे दुलमहा मुखिया प्रतिनिधि पप्पू असलम पिता इस्माइल मियां,मो इस्तिखार पिता इशाक मियां के अलावे दो अन्य को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। वहीं परिजनों से मिलने पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने मृतक के परिजनों को पांच लाख देने की बात कही थी। नेता बाबूलाल मरांडी ने हत्यारों को फांसी देने की मांग रखी थी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश को शेर ही में रोक दिया गया था मामले का जांच करने बाल संरक्षण आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रियांक कानूनगो भी पहुंचे थे। केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी बरकट्ठा विधायक अमित यादव बरकट्ठा के पूर्व विधायक प्रो जानकी यादव प्रखर राष्ट्रवादी पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ आदि पहुंचकर श्रद्धांजलि दी थी। मृतक की मां को सरकार की ओर से बरही अंचल कार्यालय में चतुर्थवर्गीय कर्मी के रूप में नियुक्त किया गया है।

## 25 सौ कर्मचारियों को मिलेगा पुरानी पेंशन योजना का लाभ

**कोडरमा(आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार द्वारा कर्मचारियों की चिर-प्रतिक्षित मांग पुरानी पेंशन योजना को लागू किए जाने से कोडरमा जिले के सरकारी कर्मियों में खुशी का माहौल है। इस जिले में राज्य सरकार के करीब 25 सौ कर्मचारी एवं अधिकारी इस योजना से लाभान्वित होंगे। गुरुवार की शाम राज्य मंत्रिपरिषद द्वारा इसकी स्वीकृति दिए जाने के बाद से ही कर्मचारियों के समूह में खुशी की लहर है। शुक्रवार की शाम सरकार के इस निर्णय को लेकर जिले के कर्मचारियों ने झुमरीतिलैया में जश्न मनाया। झारखंड स्वास्थ्य सेवा संघ के राज्य उपाध्यक्ष डा. शरद ने सरकार के फैसले पर खुशी जाहिर करते हुए बताया कि जुलाई महीने में ही कैबिनेट से इसकी मंजूरी दे दी गई थी, परन्तु कुछ अड़चनों की वजह से इसे लागू नही किया जा सका था। अब कमेटी के रिपोर्ट को राज्य सरकार ने 01.09.22 के अपने कैबिनेट से मंजूरी दे दी और तत्काल प्रभाव से पुरानी पेंशन योजना को लागू कर दिया गया।

# बड़कागांव प्रखंड कर्मियों ने सेवानिवृत्त पंचायत सेवक को भावभीनी दी विदाई



**बड़कागांव(आजाद सिपाही)।** बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र पांडे की अध्यक्षता में सेवानिवृत्त पंचायत सेवक नरेश सैरयार को फूल माला पहनाकर व अंग वस्त्र देकर भावभीनी विदाई दी। विदाई समारोह में प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र पांडे ने कहा कि हर सरकारी नौकरी करने वाले व्यक्ति को एक दिन सेवानिवृत्त होना पड़ता है लेकिन जैसे ही सरकारी कार्यों से सेवानिवृत्त मिलती है वैसे ही परिवारिक कार्यों में जिम्मेवारी बढ़ जाती है। परिवार के लोगों के बीच पूर्णरूपेण समय देकर अपने जीवन की गाड़ी को आगे बढ़ाते रहना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि नरेश सैरयार जी हर कार्य को टीम भावना के साथ कार्य किए और हर कार्य समय पर करते रहे।पंचायत सेवक के पद पर रहते हुए इन्हें जेएसएस का पद भी बखूबी निभाए। हैं।आगे उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को जीवन कुछ ना कुछ सीखने को मिलता है। इस अवसर पर सेवानिवृत्त पंचायत सेवक नरेश सैरयार ने कहा कि बड़कागांव हमारे जीवन के लिए सबसे बड़ी उपलब्धि है। क्योंकि अपनी नौकरी की शुरूआत बड़कागांव से किए और सेवानिवृत्त भी बड़कागांव से ही कर रहे हैं। हर नौकरी करने वाले व्यक्ति को जिम्मेवारी के साथ कार्य करते रहने से हर कार्य आसान हो जाता है।नौकरी पेशे में हर जनता को खुश रखना कला होनी चाहिए। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र पांडेय, प्रखंड कृषि पदाधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी रवि रंजन, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी भास्कर राज, बीपीओ हीरो महतो, अरुण पासवान, रिंकू रविदास, मुखिया भीखन महतो, दीपक दास, कैलाश राणा, पंचायत सेवक अरविंद कुमार कौशिक, संजय कुमार, देवकी राम, कृष्णा सिंह, आशीष पासवान, रविंद्र कुमार, जई समसुद्दीन, विशेश्वर महतो, अनंत कुमार, दीपक कुमार, रविन्द्र कुमार, प्रकाश कुमार, रोजगार सेवक संदीप कुशवाहा, सुरेंद्र ठाकुर, दीपक कुमार, सुबोध सिंह, दामोदर साव, अजय कुमार, बुधन कुमार, टेकलाल कुमार, सहित पंचायत सेवक रोजगार सेवक एवं अन्य नरेगा कर्मी समेत प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

# जमीन विवाद को लेकर दो गुटों में जमकर हुई मारपीट, थाने में दिया का आवेदन



**बड़कागांव(आजाद सिपाही)।** बड़कागांव सहायक डाड़ीकला थाना क्षेत्र के आराहरा में एक जमीन विवाद को लेकर दो गुटों में जमकर मारपीट हुई। दोनों गुटों की ओर से एक दूसरे के खिलाफ मारपीट कर जमीन किये जा करने का आरोप लगाते हुए थाने में आवेदन दिया गया है। प्रथम आवेदन त्रिदेव कुमार ने आवेदन देते हुए राकेश कुमार,भुवनेश्वर महतो, निर्मल महतो, फूलचंद महतो, मुनेश कुमार, बासुदेव महतो, अक्ल महतो,भूली महतो, बासुदेव महतो, बाबूलाल महतो, कुंदन कुमार, छोटेलाल, नारायण महतो, कार्तिक महतो, दिनेश महतो, रामदयाल महतो, महेंद्र महतो, कोमल महतो ,रोहित कुमार, दिलीप कुमार को नामजद अभियुक्त बनाया है। वह दूसरे पक्ष से मुनिया देवी ने शुकुल महतो,त्रिदेव कुमार महतो, शिक्षक मोहन महतो ,जीतन महतो, त्रिदेव महतो की माँ, त्रिदेव महतो की पत्नी, शुकूल महतो की पत्नी,जीतन महतो की पत्नी के अलावा किसनी देवी पर हरवो हथियार के साथ मारपीट करने का आरोप लगाते हुए थाने में आवेदन दिया गया है। बताते चले कि दोनों ओर से जमकर मारपीट हुई जिसके बाद में बड़कागांव समुदाय स्वास्थ केंद्र में लोगों का इलाज भी किया जा रहा है। ज्ञात हो कि पूर्व में भी दोनों पक्षों के द्वारा थाने व अंचल कार्यालय में आवेदन दिया जा चुका था। इस संबंध में डाडी कला थाना प्रभारी मणिलाल सिंह से पूछ जाने पर उन्होंने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है।

## माकपा ने चलाया कोष संग्रह अभियान

**कोडरमा(आजाद सिपाही)।** राज्य कमिटी के आह्वान पर आज दूसरे दिन कोडरमा जिला कमिटी की ओर से झुमरी तिलैया में झण्डा लेकर दल बनाकर कोष संग्रह अभियान चलाया गया। इस दौरान चन्दा संग्रह हेतु पर्चा बांटते हुए दुकानदारों के बींच से संग्रह किया गया। कोष संग्रह में असीम सरकार, का रमेश प्रजापति, का भिखारी राम, का महेन्द्र तुरी, का परमेश्वर यादव, ग्यास उद्दीन, दो ब्रांच सचिव भुना भुईयाँ, कारु सिंह, अजय स्वर्णकार, राजेन्द्र यादव, अभ्रोज्योति, रामलाल दास आदि भाग लिए। यह अभियान 1 से 3 सितम्बर तक जिला में चलाया जा रहा है। आज के अभियान के सफलता पर जिला सचिव असीम सरकार ने कोडरमा की जनता को धन्यवाद दिया।

# श्री श्याम मित्र मंडल ने 16 नये लोगों को बनाया सदस्य

**झुमरीतिलैया(आजाद सिपाही)।** नगर की धर्मिक संगठन श्री श्याम मित्र मंडल ने श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में मंडल के 16 नये सदस्यों को बाबा श्याम का दुपट्टा एवं प्रतीक चिह्न देकर सदस्यता ग्रहण कराई। इस मौके पर नए सदस्यों ने हारे का सहारा बाबा श्याम हमारा के नारों से मंदिर परिसर को गुंजायमान कर दिया। मंडल के संरक्षक श्याम सुंदर सिंघानिया ने सभी को सदस्यता ग्रहण कराया और बधाई और शुभकामनाएं दी। नए सदस्यों में प्रमोद कुमार, विमल पचिसिया, प्रवीण सिंह, गणेश मजूमदार, रणधीर कपसीमे, राजेंद्र वर्मा, मंटू गुप्ता, दिनेश कपसीमे, पंकज तर्वे, विवेक सहल, दिपेश जेठवा, संजय खेमानी, सत्येंद्र सिन्हा, सुनील लोहिया, संजय शारडा एवं साक्षी भदानी के नाम हैं। मौके पर संचालक गिरधारी सोमानी ने कहा कि श्याम मित्र मंडल का उद्देश्य भक्ति का अलख जगाना है।

# उपायुक्त के जनता दरबार में आये दर्जनों मामले निष्पादन कर सूचित करने का दिया निर्देश



**हजारीबाग(आजाद सिपाही)।** उपायुक्त नैंसी सहाय ने शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन कर आमजनो से मिली एवं उनकी समस्याओं को जाना। साप्ताहिक आयोजित होने वाले जनता दरबार में जिले वासियों की समस्याओं के निवारण के लिए उपायुक्त के समक्ष लगभग 2 दर्जन से अधिक आवेदन आए। जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों के समस्याओं से निष्पादन की आस लिए आए नागरिकों के फरियाद को सुन उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को जांचोपरांत न्याय संगत कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उपायुक्त वेश्म में आयोजित जनता दरबार में बीपीएल, धान का समर्थन मूल्य, एएनएम नियुक्ति, जमीन, पीएम आवास, अधिग्रहण, रोजगार, मनरेगा, भूमि, म्यूटेशन, रजिस्ट्री, राष्ट्रीय राजमार्ग के मुआवजा, पेंशन, भूमि अधिग्रहण, आवास, राशन आदि समस्याओं से संबंधित आवेदन आए तथा उन आवेदनों को मार्क कर संबंधित अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए निष्पादन के आदेश दिए।

## सीपीआइ नेता गोविंद मेहता ने झारखंड सरकार को दी बधाई



**ईचाक(आजाद सिपाही)।** गूंजा गांव निवासी सीपीआई नेता गोविंद मेहता ने झारखंड सरकार हेमंत सोरेन एवं उनके टीम को बधाई दिया है। सीपीआई नेता मेहता ने कहा कि फिलहाल झारखंड सरकार के अधीन कार्यरत कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना लागू कर ऐतिहासिक कार्य किया है। साथ ही पारा शिक्षकों का मानदेय बृद्धि ,आंगनबाड़ी सहायिका सेविकाओं का मानदेय वृद्धि एवं पुलिस कर्मियों को छुट्टी विस्तार कर 13 महीने का वेतन किया गया यह झारखंड के लिए गौरव की बात है। श्री मेहता ने झारखंड सरकार से अनुरोध किया है कि 27% आरक्षण लागू करते हुए हजारीबाग जिले में अति शीघ्र होमगार्ड अभ्यर्थियों का लंबित बहाली को अति शीघ्र नियुक्ति पत्र देते हुए प्रशिक्षण में भेजने की मांग की है।

## राशन डीलरों के साथ मुखिया ने की बैठक



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव मध्य पंचायत के राशन कार्ड धारियों के की शिकायत पर मुखिया तकरिम उल्ला खान के नेतृत्व में पंचायत भवन में जन वितरण प्रणाली के डीलरों के साथ बैठक की गई।इसमें विभिन्न वार्ड के सदस्यों ने भी भाग लिया।बैठक की अध्यक्षता व संचालन मुखिया तकरिमउल्ला खान ने किया।बैठक में मुखिया श्री खान ने जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों से आग्रह किया कि राशन कार्ड धारियों को समय पर एवं माप तौल कर सही राशन दे।तत्पश्चात रामेश्वर राम ने कहा कि हम लोग समय पर राशन कार्ड धारियों को जन वितरण प्रणाली के सामग्री वितरण करते हैं।बैठक में वार्ड सदस्यों ने राशन डीलर तुलसी महतो की अधिक शिकायत आने पर उन्हें हिदायत दी गई ।मुखिया एवं वार्ड सदस्य ने कहा कि जन वितरण प्रणाली के सामग्रियां ऐसा वितरण करें जिससे राशन कार्ड धारकों द्वारा शिकायत पंचायत सचिवालय में ना आ सके ।मौके पर उप मुखिया अमर कुमार राणा ,मुखिया प्रतिनिधि मजहर आलम, वार्ड सदस्य लीला देवी ,मुस्कान प्रवीण, शरवारी खातून ,सपना देवी,सीमा देवी, सविता देवी ,गणेश राम, कैलाश राम, जन वितरण प्रणाली के डीलर रामेश्वर राम, जय प्रकाश राम, तुलसी महतो ,संजय पासवान ,रवि महतो ,मोहम्मद सोहेल समेत अन्य उपस्थित थे।

## अमनारी विद्यालय बाउंड्री के अंदर गिरा पेड़ की टहनी बाल-बाल बचे शिक्षक और छात्र

**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** बरसात के मौसम में सुखा पेड़ खतरनाक होता है चाहे पेड़ सड़क के बगल में हो या विद्यालय के आसपास। गुरुवार को हुई मुसलाधार बारिश के समय मध्य विद्यालय अमनारी के कैम्पस में लगा आम पेड़ का टहनी अचानक गिर गई । टहनी गिरने के समय गलिमत रही कि उस समय सभी बच्चे विद्यालय छुट्टी होने पर घर चल गया था । इस तरह के टहनी गिरने से विद्यालय परिवार के सदस्यों ने बहुत बड़ा अनहोनी होने बचने की बात कही। विद्यालय के सचिव छोटन राम, शिक्षक कुलदीप पासवान, उमेश दीन, बलराम प्रसाद कुशवाहा,अर्जुन प्रसाद एवं अध्यक्ष धानेश्वर पासवान ने बचे हुए पेड़ को विद्यालय कैम्पस से जल्द हटाने की मांग स्थानीय अंचल अधिकारी,वन पदाधिकारी,बीईओ, मुखिया समेत अन्य से किया। सचिव छोटन राम ने कहा कि विद्यालय कैम्पस की पेड़ हटाना बहुत जरूरी है यह कभी भी बड़ी घटना को अंजाम दे सकता है । यह पेड़ बहुत पुराना है इसे हटाना बहुत जरूरी है। अध्यक्ष धानेश्वर पासवान ने कहा कि यह टहनी विद्यालय अवधि में गिरता तो बहुत बड़ी अनहोनी होता । दोनों पेड़ों को हटाना जरूरी है जिसका लिखित आवेदन विभाग को देंगे और हटाने की मांग करेंगें ।

## ऑफिस ऑफ प्रॉफिट सियासी संकट का जल्द हो निदान : डॉ आरसी मेहता



**हजारीबाग(आजाद सिपाही)।** झारखंड में जारी सियासी संकट का महामहिम जल्द निदान करे। राज्यभवन का सस्पेंस झारखंडीयो को शमिंदा करने वाला है, जब चुनाव आयोग सप्ताह पूर्व ऑफिस ऑफ प्रॉफिट के मामले का न्यायसंगत आदेश दे चुके है, तो महामहिम को चुनाव आयोग के फैसले का शीघ्र खुलासा करना चाहिए। हफ्तों से झारखंड मे ऊहापोह-धुंध कि स्थिति बनी हुवी है। झारखंड में विकास का कार्य रुका हुआ है। ऑफिस ऑफ प्रॉफिट के तहत चुनाव आयोग का चिट्ठी 1 सप्ताह पूर्व राज भवन पहुंच चुका है। राज्यपाल उस चिट्ठी के तहत न्याय संगत फैसला शीघ्र करें। यह बातें कुशवाहा महासभा के केंद्रीय मुख्य सलाहकार डॉ आरसी मेहता ने अपने कार्यालय में कहा। डॉ मेहता ने कहा कि डिलेड जस्टिस डिनाइ जस्टिस माननीय के द्वारा निर्णय में देर किया जाना न्याय को नकारने के बराबर है। देर होने के कारण खरीद बिक्री का प्रोत्साहन मिल रहा है।

## कराटे ग्रेडिंग में बड़कागांव के कराटेकारों का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**बड़कागांव(आजाद सिपाही)।** डाड़ी बलसारा कराटे अशीहारा काई कन फाउंडेशन के ग्रेडिंग में बड़का गॉव के कराटे के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा।यह ग्रेडिंग हजारीबाग के विष्णुगढ़ प्रखंड में आयोजित की गई थी। यहाँ पाँच छात्रों को फाइटिंग, पंच, काता कुमिते,स्टैमिना टेस्ट ,कमांडो ट्रेनिंग प्रदर्शन करने में गोल्ड मेडल से नवाजा गया। ये सभी छात्र सेंसई सुरेन्द कुमार राम के नेतृत्व बड़कागॉव से कराटे का ग्रेडिंग में शामिल हुए थे।इस ग्रेडिंग में हजारीबाग, विष्णुगढ़ कस्तूरबा विद्यालय ,बरकट्ठा, बगोदर,बिरनी के 100 छात्र भाग लिए।जिसमे से बड़कागॉव के कराटे छात्र सोनू कुमार को ब्लू क्यू बेल्ट से प्रमोशन ग्रीन बेल्ट ,देवानंद कुमार वाइट बेल्ट से ब्लू क्यू बेल्ट ,पवन कुमार राणा वाइट बेल्ट से ब्लू क्यू बेल्ट, गोपाल राणा को व्हाइट बेल्ट से ब्लू ब्लू क्यू बेल्ट ,आनंद कुमार को वाइट बेल्ट से ब्लू क्यू बेल्ट प्राप्त हुआ।इन छात्रों को गोल्ड मेडल से भी पुरस्कृत किया गया। कराटे ग्रेडिंग प्रदर्शन में ब्लैक बेल्ट थर्ड डॉन सुरेंद्र कुमार राम ने भी अब टाइम ना टेस्ट कमांडो ट्रेनिंग प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सिहान इंडिया चीफ समीर बग्गा ,प्रवीण कुमार ,अमित कुमार, झारखंड इंचार्ज लखन प्रसाद, गौतम भारती, मनोज कुमार ,धीरज कुमार, निशा कुमारी, पूजा शर्मा ने भाग लिया।

## बादम के सामुदायिक उपस्वास्थ्य केंद्र की मरम्मती का बनाया गया एस्टीमिट



**बड़कागांव(आजाद सिपाही)।** बादम पंचायत के सामुदायिक उपस्वास्थ्य केंद्र के मरम्मत हेतु पूर्व मुखिया सह मुखिया प्रतिनिधि दीपक कुमार दास ने सहायक अभियंता जवाहर सिंह से माफी कराकर बनवाई इसटीमिट। मौके पर दीपक दास ने कहा कि स्वास्थ्य उप केंद्र की बाउंड्री वाल तथा जनसमस्याओं के लेकर सामुदायिक शौचालय निर्माण कर्मचारियों के आवास को जर्जर हो गया है उसका जीणोधार करने का भी मांग है। आगे श्री दास ने स्थानीय सांसद, विधायक और जिला परिषद सदस्य से इसे प्राथमिकता देने की अपील की है। इस उप स्वास्थ्य केंद्र से बादम,महुंगाई कला व गोंदलपुरा पंचायत के लोग अपना इलाज करा कर लाभान्वित होते हैं। मौके पर मुख्य रूप से गुलेश्वर साव,नर्स देवंती कुमारी सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 03 सितंबर, 2022
www.azadsipahi.com


## नारकोटिक्स कोआर्डिनेशन कमेटी (एनकॉर्ड) की बैठक में डीसी ने दिये कई निर्देश, कहा

# नशे से दूर रहे युवा वर्ग : डीसी



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** छत्तरमांडू स्थित जिला समाहरणालय के सभागार में शुक्रवार को जिला स्तरीय नारकोटिक्स कोआर्डिनेशन कमेटी (एनकॉर्ड) की बैठक में डीसी ने कई दिशा निर्देश दिये। इस दौरान सर्वप्रथम बैठक में एसपी पीयूष पांडे ने जिला स्तरीय नारकोटिक्स कोआर्डिनेशन कमेटी के द्वारा किये जानेवाले कार्यों एवं इसके उद्देश्यों के संबंध में सभी को विस्तार से जानकारी दी।

**युवा वर्ग को नशे की लत से दूर व मादक पदार्थों की सप्लाई पर रोक लगाना है उद्देश्य**

बैठक के दौरान डीसी ने कहा कि इस कमेटी का उद्देश्य युवा वर्ग को नशे की लत से निजात दिलाने और मादक पदार्थों की सप्लाई पर रोक लगाना है। अधिक धन कमाने के लालच में युवा मादक पदार्थों की सप्लाई करने व सेवन करना शुरू कर देते हैं, जिससे उनका भविष्य अंधकारमय बन जाता है। कमेटी के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि इस तरह के कार्यों पर पूरी तरह से रोक लगाई जा सके और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। कमेटी के माध्यम से नशे व मादक पदार्थों की सप्लाई में किसी भी रूप में संलिप्त व्यक्तियों पर पैनी नजर रखी जाएगी एवं योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जाएगा।

**कठोर कार्रवाई करने का निर्देश**

बैठक में डीसी एवं एसपी ने समिति के अन्य सदस्यों यथा जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, सिविल सर्जन, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों को नशे के दुष्प्रभाव एवं इस तरह के कार्यों से जुड़ने पर होने वाली कठोर कार्रवाई के प्रति विभिन्न माध्यमों से व्यापक प्रचार प्रसार कर लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया। वहीं, उन्होंने सभी अधिकारियों को इस तरह की किसी भी सूचना प्राप्त होने पर त्वरित इसकी जानकारी देते हुए कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

**बैठक में ये थे उपस्थित**

बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, सिविल सर्जन, कार्यपालक दंडाधिकारी सह प्रभारी सामान्य शाखा, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, तंबाकू नियंत्रण पदाधिकारी, सहायक जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सहित

## जिला अनुकंपा समिति की बैठक में डीसी ने दिये कई निर्देश



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** डीसी माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला अनुकंपा समिति की बैठक आयोजन किया गया। बैठक के दौरान समिति के समक्ष कुल 3 मामलों को रखा गया। इस दौरान समिति द्वारा आवेदनवार प्राप्त दस्तावेजों की समीक्षा कर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इस दौरान डीडीसी, कार्यपालक दंडाधिकारी सह स्थापना उप समाहर्ता, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल, जिला कल्याण पदाधिकारी कार्यालय अधीक्षक, सहायक जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## अपने बच्चों के पोषण पर दें पूरा ध्यान : डीसी

रामगढ़। पूरे देश में सितंबर के महीने को राष्ट्रीय पोषण माह के रूप में मनाया जाता है। इसी क्रम में शुक्रवार को जिले के लोगों को राष्ट्रीय पोषण माह मनाए जाने के उद्देश्यों के प्रति जागरूकता रथ डीसी माधवी मिश्रा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर डीसी ने कहा कि जिला प्रशासन का यह प्रयास है कि राष्ट्रीय पोषण माह पूरी तरह से सफल रहे। इस दौरान जिला प्रशासन के द्वारा विभिन्न माध्यमों का इस्तेमाल करते हुए लोगों को जागरूक किया जाएगा कि वे अपने बच्चों के पोषण पर पूरा ध्यान दें। वहीं, उन्होंने सभी जिले वासियों से राष्ट्रीय पोषण माह के दौरान उन्हें दी जाने वाली महत्वपूर्ण जानकारियों का पालन करने एवं उन्हें आत्मसात करने की अपील की। इस दौरान जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने डीसी को जागरूकता वाहन के रोस्टर की जानकारी दी। जिसके उपरांत डीसी ने प्रचार वाहन के माध्यम से जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में ग्रामीणों को पोषण के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया।

## आंदोलनकारी रांची रवाना, रखेंगे अपनी समस्या



**रजरप्पा(आजाद सिपाही)।** झारखंड आंदोलनकारी गण पूर्व विधायक अर्जुन राम महतो के नेतृत्व से आंदोलनकारी चिन्हित आयोग रांची कार्यालय जाकर आंदोलनकारी अपनी समस्याओं को रखेंगे गोला बरियातू चौक से रवाना हुए झारखंड आंदोलनकारीयों को मान-सम्मान, पहचान एवं पेंशन के लिए आज भी मोहताज है अलग राज्य के लिए लड़ने वाले आंदोलनकारी और उनके परिवार गण आज तक उनकी मांगों पर और झारखंड आंदोलनकारियों की सही चिन्हित तक नहीं कर सकी है सरकार 22 वर्षों से अपनी पहचान के लिए तरस रही है झारखंड आंदोलनकारी झारखंड आंदोलनकारियों में जगी है आज झारखंड आंदोलनकारी दशम गुरु शिबू सोरेन जो खुद आंदोलनकारी है उनके ही पुत्र आशीष राज के मुख्यमंत्री के पद पर सृजित हैं और सभी आंदोलनकारियों में यह आशा और विश्वास है कि झारखंड आंदोलनकारियों का मान सम्मान और उनका सभी सपना पूर्ण करेगी यह सरकार जाने वालों में सुनील राज चक्रवर्ती कार्तिक महतो,रामचन महतो, कार्तिक मेहता, लखन महतो नेपाल महतो, देवा महतो ,नीतीश कुमार महतो चंदन करमाली, महावीर महतो, महेंद्र महतो, सिकंदर महतो ,शत्रुघ्न महतो, हसन अंसारी, दानिश अंसारी, आरिफ अंसारी, अशोक प्रियदर्शी गणेश करमाली, भुनेश्वर महतो ,मेघु महतो ,रामलोचन महतो हरिचरण मुंडा, कैलाश मुंडा ,रिजु केवट ,राजीव कश्यप सहित अनेक लोग उपस्थित थे ।

# मगध : देवलगड़ा के कामगार हुए बेरोजगार

### दर्जनों कामगारों को वीपीआर ने दे दी छुट्टी



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** मगध परियोजना के देवलगड़ा वाशियो के दर्जनों कामगारों को शुक्रवार से आउट सोर्सिंग कंपनी वीपीआर रेड्डी कंपनी ने पत्र जारी कर छुट्टी कर दिया। कोयला खनन का कार्य कर रहे वीपीआर कंपनी द्वारा दर्जनों कर्मी को कार्य से निरस्त किये जाने से आक्रोशित हो उठे है।अब कामगारों के घरों में दो वक्त की रोटी की चिंता आन पड़ी है। देवलगड़ा के दर्जनों कामगारों का कहना है की वीपीआर कंपनी ने अंतर राज्य से आये लोगों को काम पर में रखे हुये है।और हम लोगों को ड्यूटी से निष्कासित कर दिया गया है।वही निष्कासित कामगारों ने वी पीआर कंपनी के प्रबंधन श्रीनिवासन रेड्डी खिलाप बैठक कर नाराजगी जताया है।वही मौके पर शामिल झारखण्ड मजदूर कोलयरि संघ के परियोजना सचिव गुरुदयाल साहू ने बताया की सरकार ने 75% स्थानीय विस्थापितों लोगो को काम पर रखने का प्रावधान है। वही वी पीआर कंपनी के संचालक श्रीनिवासन रेड्डी ने दूरभाष पर बताया की चतरा जिले के मगध माइंस के जहां जहां माइंस बंद है।उस स्थिति में वहां के स्थानीय लोगों का काम नहीं रहने के कारण निकाल दिया गया है। माइंस चालू होने पर पुनः उन लोगों को वापस काम पर रख लिया जायेगा बताया।इस मौके पर जोधन राम,जितेंद्र कुमार, मुकेश साहू, कृष्ण कुमार साहू, बैजनाथ कुमार,ज्ञानी साहू,रामजीत उरांव, सुरेंद्र गंझू, रूपन महतो, मनोज राम, हेमलाल गंझू,तेतर भुइयां गणेश लोहरा, विनोद उरांव, नरेश उरांव, अभिषेक उरांव समेत दर्जनों कामगार उपस्थित थे।

## पतरातू के टेरपा में धूमधाम से मनाया जायेगाा दुर्गा पूजा

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू के टेरपा गांव में दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने के लिए महिलाओं और पुरूषों का संयुक्त रूप से बैठक शुक्रवार को दुर्गा मंडप परिसर में किया गया। जिसमें पूजा विधि व्यवस्था नियम पूर्वक करने के साथ इस बार किसी भी प्रकार का सांस्कृतिक कार्यक्रम नही करने निर्णय लिया गया ताकि अधुरे मंदिर का कार्य पूर्ण किया जा सके। मौके पर अजय सिंह, विकी कुमार, नितेश कुमार सिंह, हरिदास साव, सरिता देवी, कुंती देवी, किरण देवी, उमा देवी, अनु देवी, सुषमा देवी, मीरा देवी आदि शामिल थे।

## मासिलौंग की शकुंतला देवी ने आंगनबाड़ी सेविका से त्याग पत्र दिया

**टंडवा (आजाद सिपाही)।** राहम पंचायत के मासिलौंग आँगनबाड़ी केंद्र कोड संख्या 78 की सेविका शकुंतला देवी, पति राम कुमार टाना भगत मासिलौंग निवासी ने शुक्रवार को त्याग पत्र सीडीपीओ कार्यालय में सौंपी ।शकुंतला देवी ने सीसीएल में नौकरी होने के कारण पत्र में बताया की योगदान 1 सितंबर को हो गया है ।इसलिए मैं त्याग पत्र दिया ।

## पतरातू डैम में मिला युवक का शव

**पतरातू(आजाद सिपाही)।** वासल थाना अंतर्गत हरिहरपूर के निकट पतरातू डैम में शुक्रवार को सुबह एक युवक का शव तैरता हुआ पाया गया। पुलिस शव को पानी से निकाल पुलिस छानबीन में जुट गई है। फिलहाल शव का पहचान नही हुई है। पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

## बौद्धिक दिव्यांगों के लिए लीगल गार्जियन नियुक्ति को लेकर डीडीसी ने की बैठक



**रामगढ़(आजाद सिपाही)।** बौद्धिक दिव्यांगों के कल्याण के लिए लीगल गार्जियन नियुक्त करने को लेकर शुक्रवार को डीडीसी नागेंद्र कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में जिला समाहरणालय के सभागार में स्थानीय स्तरीय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान परिविक्षा पदाधिकारी रंजीत कुमार ने डीडीसी सहित अन्य अधिकारियों को जानकारी दी कि बौद्धिक दिव्यांगों के बेहतर संरक्षण व कल्याण के लिए राष्ट्रीय न्यास, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के निदेर्शानुसार लीगल गार्जियन की नियुक्ति की जानी है जो कि स्वयं दिव्यांग के माता-पिता अथवा कोई अन्य हो सकते हैं। वर्तमान में स्थानीय स्तरीय समिति के समक्ष लीगल गार्जियन मामले में 1 आवेदन प्राप्त हुआ है। बैठक के दौरान डीडीसी ने समिति के अन्य सदस्यों के साथ प्राप्त आवेदन पर चर्चा करते हुए उसके निष्पादन के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए ।मौके पर डीडीसी ने कहा कि उपरोक्त के संदर्भ में जागरूकता के अभाव के कारण वर्तमान में जिले में ऐसे कई क्षेत्र हैं जहां की बौद्धिक दिव्यांगों को लीगल गार्जियन की आवश्यकता है ऐसे में यह बहुत जरूरी है कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को इसके प्रति जागरूक किया जाए। मौके पर उन्होंने अधिकारियों को इसका व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करते हुए सर्वे करने एवं बौद्धिक दिव्यांगों के लिए लीगल गार्जियन नियुक्त करने के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में सिविल सर्जन, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सहायक जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, स्थानीय स्तरीय समिति के सदस्यों सहित अन्य उपस्थित थे।

## तिरला में साप्ताहिक बाजार का उद्घाटन



**गोला(आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड क्षेत्र के तिरला जंगल के समीप रविवार को साप्ताहिक बाजार का उद्घाटन किया गया। इसका विधिवत उद्घाटन पश्चमी भाग के जिप सदस्य सरस्वती देवी ने फीता काटकर किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि तिरला में साप्ताहिक बाजार लगने से आस पास के ग्रामीणों को काफी सुविधा होगी। ग्रामीणों की मांग थी कि यहां बाजार लगाया जाय। ग्रामीणों ने बताया कि पूरा कोरोना काल में डेली मार्केट यहां ही लगाया गया था। इसलिए यहां मार्केट का धीरे धीरे और विस्तार किया जाएगा। मौके पर रामप्रसाद करमाली,सन्नी महतो, गोबिन्द मुंडा,लंबू महतो, झल्लू मुंडा आदि थे।

## चतरा कॉलेज में एबीवीपी ने परीक्षा नियंत्रक व विभागाध्यक्ष का किया पुतला दहन



**चतरा(आजाद सिपाही)।** में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने परीक्षा नियंत्रक व राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष का पुतला दहन किया। चतरा महाविद्यालय में शैक्षणिक आराजकता व परीक्षा परिणाम में गडबड़ी के खिलाफ एबीवीपी के छात्रों ने शुक्रवार को कॉलेज में पूर्व में अल्टीमेटम देने के बाद पुतला दहन किया। इस दौरान परिषद कार्यकर्ताओ ने परीक्षा विभाग में तालाबंदी कर विरोध प्रदर्शन किया। बतादे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा राजनीति विज्ञान के परीक्षा परिणाम में हूई धांधली के विरुद्ध छात्रों ने कॉलेज में पुतला दहन किया गया। साथ ही कॉलेज में तालाबंदी कर रोषपूर्ण प्रदर्शन की गई। इस दौरान परिषद विभाग संयोजक रोहित कुमार, नगर सह मंत्री मुन्ना यदुवंशी ने बताया कि जब से श्री पवन सिंह द्वारा पदभार संभाला। तब से राजनीति विज्ञान विषय में छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। वर्तमान सत्र में करीब 40 बच्चों का आंतरिक विषय में अनुपस्थित या कम अंक देकर उनके भविष्य पर ग्रहण लगा दिया गया है। उक्त विषय पर परीक्षा नियंत्रक की कुर्सी पर बैठे उनके कानों में जूं तक नहीं रेंग रहा है। छात्रों का भविष्य अंधकारमय हो गया है। जिसको लेकर यह आंदोलन किया जा रहा है। विद्यार्थी परिषद द्वारा इस समस्या के समाधान तक महाविद्यालय में अनिश्चिततकालीन तालाबंदी कर दी गई है। उनकी मांग है कि परीक्षा विभाग के द्वारा लापरवाह तरीके से जिस तरह से छात्रों का इंटरनल मार्क्स कम करके विनोबा भावे भेजा गया था उसे फिर से जांच करते हुए सभी बच्चों का पुनः परीक्षा परिणाम सही रूप से प्रकाशित किया जाए। जिससे विद्यार्थियों का भविष्य खतरे में न पड़े। तालाबंदी व पुतला दहन में मुख्य रूप से रोहित कुमार, सह मंत्री मनीष गोप रोहित सोनी, मिलन कुमार, शाहिल कुमार, रणविजय सिंह, अशोक कुमार पांडे आशीष कुमार, मयंक कुमार, करण राज, अविनाश प्रधान, रितेश केसरी, अभय कुमार, रौनक कुमार, अरनव सिन्हा, विकास केसरी, अकाश कुमार, अभिनव सिंहा, नीरज कुमार, शिव शंकर पांडे कार्यकारिणी सदस्य रितेश कुमार राणा साथी अन्य छात्र मौजूद रहे।

# डीसी अबु इमरान धमनिया स्थित बिरहोर टोला पहुचे, मूलभूत सुविधाओं का लिया जायजा



**चतरा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त अबु इमरान ने शुक्रवार को बिरहोर टोला की वस्तु स्थिति जानने सदर प्रखंड के रक्सी स्थित धमनियां पहुंच मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। उपायुक्त ने बिरहोर टोला में मुख्य रूप से पेयजल, आवास, सड़क मार्ग, रोजगार, पशु शेड, नरेगा, आंगनबाड़ी, स्कूल, स्वास्थ्य सुविधाएं समेत अन्य का जायजा लिया। इसके अलावे दैनिक जीवन में उपयोग होने वाले सामग्री समेत अन्य की भी जांच कर आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। उपायुक्त ने प्राथमिकता के आधार पर उप विकास आयुक्त, जिला खनन पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी समेत अन्य को जिले भर के सभी बिरहोर टोला में समीक्षा कर मूलभूत सुविधाओं एवं सरकारी योजनाओं का लाभ स्थानीय लोगों को देने हेतु आवश्यक निर्देश दिए।

## एलआइसी भुरकुंडा सेटेलाइट शाखा के अभिकर्ताओं ने किया विरोध प्रदर्शन



**भुरकुंडा(आजाद सिपाही)।** एलआईसी भुरकुंडा सेटेलाइट शाखा के अभिकर्ताओं ने अपनी विभिन्न मांगों को ले शुक्रवार को पटेलनगर स्थित कार्यालय के समक्ष विरोध प्रदर्शन किया। बताया गया कि विरोध प्रदर्शन में ऑल इंडिया लियाफी हजारीबाग मंडल के सभी शाखा और एसओ के पदधिकारी शामिल हैं। प्रदर्शन के माध्यम से पॉलिसी धारकों के बोनस में वृद्धि करने, पॉलिसी लोन एवं अन्य वित्तीय लेनदेन पर ब्याज दर में कमी करने, बीमा धारकों के लिए कुशल सेवाएं देने, 5 वर्ष से अधिक कालातीत पॉलिसियों पर पुनः चलन की सुविधा प्रदान करने, ब्याज में छूट देने, पॉलिसी धारकों द्वारा दावा न की गई राशि को सामाजिक सुरक्षा योजना में स्थानांतरित नहीं करने, शाखाओं में सिटीजन चार्टर को प्रमुखता से प्रदर्शित करने, एक ही पॉलिसी धारक द्वारा बार-बार ट्रांजेक्शन करने पर केवाईसी दस्तावेज लेना बंद करने, भारत सरकार को बीमा पॉलिसियों पर जीएसटी हटाने, अभिकर्ताओं की ग्रेच्युटी 20 लाख रुपए तक बढ़ाने, अभिकर्ताओं के कमीशन में वृद्धि करने, सभी अभिकर्ताओं के लिए ग्रुप मेडिक्लेम की सुविधा लागू करने, अभिकर्ताओं को अंशदायी भविष्य निधि देने सहित अन्य मांगे शामिल है। प्रदर्शन करने वालों में मनोज कुमार गुप्ता, राजनाथ ओझा, रविन्द्र कुमार सिंह, विश्वनाथ कुमार, प्रवीर कुमार चटर्जी, संजय कुमार सिंह, देवेश कुमार, अशोक कुमार, रामाकांत दूबे, धनंजय कुमार, अमित बक्शी, संतोष कुमार, रविंद्र सिंह, मनोज कुमारी तिवारी, एसके गांगुजली, अमरेश तिवारी, घनश्याम वैद्य सहित अन्य लोग शामिल थे।

## खेलों से खिलाड़ियों की निखरती है प्रतिभा : फूलमती देवी



**भुरकुंडा(आजाद सिपाही)।** जवाहर नगर पंचायत के हुरूमगढ़ ग्राउंड में शुक्रवार से चार दिवसीय स्व. भोला सोरेन टुनार्मेंट का शुभारंभ हुआ। इसका शुभारंभ मुख्य अतिथि जवाहर नगर पंचायत की मुखिया फूलमती देवी द्वारा स्व. भोला सोरेन के तस्वीर पर माल्यार्पण कर की गई। इस दौरान स्व. भोला सोरेन की पत्नी रूपा देवी को कमेटी द्वारा अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मैच का उद्घाटन मुख्य अतिथि मुखिया फूलमती देवी, विशिष्ट अतिथि पूर्व मुखिया प्रदीप मांझी, एला एंगलाइज स्कूल के प्राचार्य विजयंत कुमार व लालजी सोरेन ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। उद्घाटन के दिन कुल छह मैच खेले गये। जिसमें होरोमोचा मांडू ने लबगा को 1-0, घुटुवा ने टोकीसुद को 1-0, भुरकुंडवा ने संगम पिंडरा को 3-0, एसएस रसदा ने खपिया को 2-0, घुटुवा ने होरोमोचा को 3-1 से पराजित कर अगले चक्र में प्रवेश किया। वहीं भुरकुंडवा व रसदा के बीच खेला गया। मौके पर मुखिया फूलमती देवी ने कहा कि खेल-कूद जीवन का अभिन्न अंग है। इससे शारीरिक व मानसिक विकास भी होता है। उन्होंने कहा कि खेलों से खिलाड़ियों की प्रतिभा भी निखरती है। टुनार्मेंट में रेफरी की भूमिका जतरु मांझी, बीएन राय, जितेंद्र बेदिया, हासिम अंसारी, शकुंतला कुमारी व निर्णायक मंडली की भूमिका कृष्णा मुर्मू, उदय, मुन्ना, अमित निभा रहे हैं। टुनार्मेंट को सफल बनाने में कमेटी के अध्यक्ष दीपक मांझी, सचिव राम कुमार, कोषाध्यक्ष अनिल बेसरा, शंकर मांझी, अजय हेम्ब्रोम, पिंटू मुर्मू, कानछा, मनोज, राजू आदि जुटे हैं। बताया गया कि टुनार्मेंट में कुल 16 टीमो ने हिस्सा लिया है। 5 सितंबर को फाइनल मैच खेला जायेगा। जिसमें विजेता टीम को 30 हजार व उपविजेता टीम को 20 हजार रुपए नकद सहित विनर व रनर ट्रॉफी देकर सम्मानित किया जायेगा।

## भुरकुंडा ओपी के नये प्रभारी बलवंत दूबे ने किया पदभार ग्रहण



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भुरकुंडा ओपी के नये प्रभारी बलवंत दूबे ने शुक्रवार को भुरकुंडा ओपी में प्रभार ग्रहण कर लिया है। मालूम हो कि रामगढ़ एसपी पियूष पांडेय ने पूर्व ओपी प्रभारी अजीत भारती का रजरप्पा तबादला कर दिया है। वहीं 2018 बैच के सब इंस्पेक्टर बलवंत दूबे को भुरकुंडा ओपी का नया ओपी प्रभारी बनाया है। प्रभार ग्रहण करने के बाद ओपी प्रभारी बलवंत दूबे ने कहा कि पुलिस पब्लिक रिश्ते को मजबुत बनाकर क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र को अपराध मुक्त रखने के लिए पुलिस गश्ती तेज की जायेगी। साथ ही लोगों से सहयोग भी लिया जायेगा। श्री दूबे ने कहा कि ओपी क्षेत्र में कहीं भी कोई घटना होने पर पुलिस को सूचित करें, तत्काल कार्रवाई होगी।

## दिवंगत भाजपा नेता के परिजन से मिले पूर्व बीस सूत्री प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद



**कुजू(आजाद सिपाही)।** रामगढ़ भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष सह समाजसेवी बैजनाथ प्रसाद गुप्ता उर्फ बैजू बाबू के आकस्मिक निधन पर शुक्रवार को झारखंड सरकार के पूर्व 20 सूत्री प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद ने कुजू स्थित स्वर्गीय बैजनाथ प्रसाद गुप्ता के आवास पहुंचे। उन्होंने शोकाकुल परिवार से मुलाकात की और उन्हें ढांढस बंधाया। इस दौरान राकेश प्रसाद ने श्री स्वर्गीय बैजनाथ प्रसाद गुप्ता के चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। मौके पर रंजीत कुमार सिन्हा, सांसद प्रतिनिधि जागेश्वर प्रजापति, संजीव सिंह बाबला, सुरेंद्र कुमार, प्रदीप कुमार गुप्ता, विनोद कुमार गुप्ता, रतन कुमार गुप्ता, मनोज कुमार गुप्ता, अंशु गुप्ता, जितेंद्र गुप्ता, राजीव गुप्ता, अनुज गुप्ता, रतन प्रसाद साहू, नरेश गुप्ता, सुखदेव सोनी, प्रकाश केसरी, हिमांशु कुमार, विख्यात कुमार गुप्ता, राज आनंद, अनमोल रत्न, छोटन प्रजापति, नरेश पंडित, कौशल्या देवी, आशा कुमारी, शांति देवी, शीला कुमारी, वीना कुमारी, मंसरी देवी, वीणा देवी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## बजरंग महतो ने क्षेत्र के पूजा पंडालों का किया भ्रमण



**गोला(आजाद सिपाही)।** गणेश पूजा के अवसर पर रामगढ़ विधायक ममता देवी के पति बजरंग महतो ने क्षेत्र के कई पूजा पंडालों का भर्मण किया। साथ ही गोला डी भी सी चौक के गोमती पुल में स्थापित पंडाल में भगवान गणपति के आरती कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने भगवान गणपति से क्षेत्र में सुख, समृद्धि एवं शांति की कामना किया। मौके पर दिनेश मुण्डा ,जनार्दन पाठक ,संतोष सोनी, सुनिल कुशवाहा, गौरीशंकर महतो, मानिक पटेल, प्रदीप महतो ,मुकेश महतो, लतिफ अंसारी, कौशर रजा ,प्रकाश गोस्वामी, विशाल पोद्दार ,पंकज सिंह, आजाद सिंह ,सुरज पासवान ,शैलेश सिंह ,पुरूषोत्तम सिंह , अमित सिंह, सैनिक कुमार, प्रकाश कुमार, रोहित कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

## भाजपा डाड़ी मंडल ने राज्य सरकार का पुतला दहन किया



**गिद्दी (आजाद सिपाही)।** दुमका अंकिता हत्याकांड मामले में भाजपा डाड़ी मंडल ने राज्य में हिन्दू विरोधी रवैया के खिलाफ राज्य सरकार का पुतला दहन किया और मांग किया कि अंकिता हत्याकांड का मुख्य आरोपी शाहरुख और सहयोगी नईम उर्फ छोटू को फास्ट ट्रैक कोर्ट से सुनवाई करते हुवे जल्द से जल्द फांसी की सजा सुनाई जाए। भाजपा नेताओं ने कहा कि जब से गठबंधन की सरकार बनी है तब से वह केवल हिन्दू विरोधी कार्य कर रही है। इस सरकार में अपराधियों को संरक्षण मिल रहा है जिससे उनका मनोबल बढ़ता जा रहा है। तुष्टिकरण की राजनीति बन्द करते हुए हेमंत सोरेन जी को अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। पुतला दहन करने वालों में भाजपा के पूर्व बीस सूत्रीअध्यक्ष हुकुमनाथ महतो, वरिष्ठ नेता हुकुमनाथ महतो, वरिष्ठ नेता सतीश सिंह, प्रकाश सिंह, प्रवीण सिंह, सुदीप चौधरी, प्रीतलाल महतो, दिनेश यादव, जिला मंत्री सेवालाल महतो , उमेश महतो, खेमलाल यादव, योगेश महतो आदि मौजूद थे।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 03 सितंबर, 2022
www.azadsipahi.com
08

## डोभा में डूबने से 12 वर्षीय बच्चे की मौत



कैरो/लोहरदगा (आजाद सिपाही)। कैरो थाना क्षेत्र में शुक्रवार को डोभा में डूबने से 12 साल के एक बच्चे की मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। मृतक की पहचान अमित उरांव के रूप में हुई है। वह सढ़ाबे का रहने वाला था। जानकारी के अनुसार अमित सढ़ाबे स्थित खेल मैदान से नीचे खोदे गए डोभा में नहाने गया था। पर गड्ढा गहरा होने के कारण वह उसमें डूब गया, जिससे मौत हो गई। इसकी सूचना मिलने पर कैरो थाना के एएसआई धर्मेंद्र कुमार व शिवनंदन दास दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमास्टम के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल भेज दिया। दूसरी ओर, बच्चे की मौत से मुखिया सुमित्रा उरांव, लखन उरांव, राजेंद्र महतो, किशोर उरांव, परमानंद साहू आदि ने शोक व्यक्त किया है।

### डीडीसी की अगुवाई में मिशन अमृत सरोवर की हुई समीक्षा बैठक, दिया गया निर्देश

# 34 तालाबों के जीर्णोद्धार व पांच नये तालाबों के निर्माण का निर्देश

**भूमि संरक्षण विभाग के अधिकारी ने दी 23 तालाबों का जीर्णोद्धार कार्य पूरा कर लिए जाने की जानकारी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** डीडीसी गरिमा सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय सभाकक्ष में मिशन अमृत सरोवर की समीक्षा बैठक की गई। जिसमें भूमि संरक्षण पदाधिकारी को लोहरदगा भूमि संरक्षण कार्यालय की ओर से 34 तालाबों के जीर्णोद्धार का कार्य जल्द पूर्ण किये जाने का निर्देश दिया गया। वहीं, भूमि संरक्षण पदाधिकारी ने बताया कि 23 तालाबों के जीर्णोद्वार का कार्य पूर्ण हो चुका है। इसके बाद उन्हें सभी तैयार तालाबों के चारों ओर पौधरोपण कराने का निर्देश दिया। लगे हाथ हिंडाल्को इंडस्ट्रीज को सीएसआर के अंतर्गत पांच नये तालाबों का निर्माण कराने का निर्देश दिया गया। डीडीसी ने कहा कि तालाब निर्माण के लिए अपने बोर्ड में इसकी स्वीकृति जल्द लेकर निर्माण कार्य प्रारंभ करायें।



हिंडालको व भूमि संरक्षण विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक करती डीडीसी।

इसके अलावा लघु सिंचाई प्रमंडल कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया कि अगले दो दिनों के अंदर आठ तालाबों का संशोधित प्राक्कलन तकनीकी स्वीकृति के साथ जल छाजन प्रकोष्ठ-सह-आंकड़ा केंद को उपलब्ध करा दें। इस दौरान बैठक में वन प्रमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार, जिला योजना पदाधिकारी अरूण कुमार सिंह, जिला कृषि पदाधिकारी शिव पूजन राम, मनरेगा परियोजना पदाधिकारी सुधीर मुर्मू, सभी बीडीओ, सीओ हिंडाल्को इंडस्ट्रीज सीएसआर हेड नीरज कुमार, जल छाजन प्रकोष्ठ-सह-आंकड़ा केंद्र के तकनीकी विशेषज्ञ प्रिंस कुमार आदि उपस्थित थे।

## भूमि अधिग्रहण के लिए रैयत को दो दिया जाये नोटिसःडीसी



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** डीसी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में ललित नारायण स्टेडियम के मुख्य द्वार के सामने पहुंच पथ एवं पार्किंग के लिए रैयती भूमि अधिग्रहण के लिए गठित समिति की समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक हुई। जिसमें नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि यह उच्च प्राथमिकता की परियोजना है। अतः रैयत भूमि का अधिग्रहण किया जाना चाहिए। सभी बिंदुओं के अवलोकन के बाद डीसी ने रैयत को भूमि अधिग्रहण संबंधी नोटिस देने का निर्देश दिया। बैठक में अपर समाहर्ता गरिमा सिंह, अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, भूमि सुधार उप समाहर्ता मनीषा तिर्की, नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी देवेंद्र कुमार, जिला अवर निबंधक आदि उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

## चंदवा दुर्गा पूजा मंडल की बैठक में नयी कमेटी का गठन, रंजीत गुप्ता बने अध्यक्ष



चंदवा (आजाद सिपाही)। चंदवा में गुरुवार की शाम दुर्गा मंडल पूजा कमेटी की बैठक शिव मंदिर प्रांगण में हुई। जिसकी अध्यक्षता रामनाथ गुप्ता व राम बाबू ने की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस बार भी पूजा भव्य तरीके से मनाया जाएगा। आकर्षक पंडाल व लाइट की व्यवस्था की जाएगी। इस बीच पिछले वर्ष का आय-व्यय का विवरण देते हुए पुरानी कमेटी को भंग कर नयी कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से रंजीत कुमार गुप्ता को पुनः अध्यक्ष चुना गया। वहीं कार्यकारी अध्यक्ष बिनोद कुमार उर्फ गुड्डू, जबकि सचिव अंकित कुमार, मंटू केसरी और विभाकर मिश्रा को चुना गया। उपाध्यक्ष राजकुमार पाठक, राजकुमार साहू, दीपक निषाद, राजू मित्तल, विष्णु कुमार गुप्ता, रोहित अग्रवाल को बनाया गया। कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी राजेश साहू व सचिन कुमार को सौंपी गई है। जबकि पूजा व्यवस्था की जिम्मेवारी डॉक्टर अनिल, दिनेश साहू और रमेश प्रसाद, डेकोरेशन की जवाबदेही दारा सिंह, मनीष गुप्ता व गणेश को दी गई है। संरक्षक के रूप में राम बाबू, महेंद्र साहू, राजेश चंद्र पांडेय, नरेश प्रसाद, प्रदीप साहू, किरण प्रसाद, अमरदीप प्रसाद, राजकुमार अग्रवाल, अर्जुन अग्रवाल, संदीप कनोडिया, अरुण शर्मा, मुरारी सेठ, ओम प्रकाश साव शामिल है। वहीं 31 लोगों को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है।

## आंगनबाड़ी की महिलाओं ने पोषण माह के तहत निकाली जागरूकता रैली



चंदवा (आजाद सिपाही)। चंदवा समाज कल्याण विभाग की ओर से चलाए जा रहे पोषण माह के तहत शुक्रवार को चंदवा में रैली निकाली गई। रैली प्रखंड कार्यालय से निकलकर इंदिरा गांधी चौक पहुंची। इसके बाद मुख्य सड़क होते हुए वापस प्रखंड कार्यालय में संपन्न हुई। रैली के माध्यम से सितंबर माह में प्रखंड के सभी पंचायतों में पोषण माह के पांच सूत्रों के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक करने, गर्भधारण से बच्चे की उम्र दो वर्ष पूरी होने तक मां व बच्चे की उचित देखभाग की जानकारी दी जायेगी। छह माह की उम्र के बाद पर्याप्त पौस्टिक आहार शुरू करने, एनीमिया से बचाव के लिए आयरन युक्त आहार डायरिया से बचाव के लिए व्यक्तिगत स्वक्षता व साफ सफाई का पालन करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में बाल विकास परियोजना की पर्यवेक्षिका ज्योति, बाला महिला पर्यवेक्षिका पूजा विनायक, वीणा देवी, फील्ड कोऑर्डिनेटर तेजस्विनी परियोजना अफसाना खातून आदि की भूमिका सराहनीय रही।

## जिला कृषि टास्क फोर्स की बैठक में डीडीसी ने दिए कई अहम निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** डीसी भोर सिंह यादव के निर्देश पर डीडीसी सुरेन्द्र कुमार वर्मा की अध्यक्षता में जिला कृषि टास्क फोर्स की शुक्रवार को बैठक हुई। जिसमें अनियमित मॉनसून को देखते हुए वर्तमान में हो रही बारिश और धान की रोपनी की स्थिति, खाद्य की उपलब्धता, कीट नाशी दवाओं, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम किसान, पशुपालन से संबधित योजना आदि को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई एवं कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में डीडीसी ने जिला कृषि पदाधिकारी से अब तक हुई बारिश और कौन-कौन सी फसलें लगायी गयी हैं इसकी जानकारी मांगी। इस दौरान उन्होंने सभी कृषि समन्वयकों और किसान सलाहकारों को आकस्मिक फसल के बारे में किसानों को जागरूक



करने का निर्देश दिया। साथ ही बीज प्राप्त होते ही इसका वितरण प्रारंभ कराए जाने की बात कही, ताकि जहां रोपनी नहीं हुई है, वहां वैकल्पिक फसल लगाई जा सके। झारखंड राज्य फसल राहत योजना के तहत किसानों के निबंधन की भी उप विकास आयुक्त ने समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त ने बीज वितरण व खाद की उपलब्धता से भी अवगत हुए। इसी क्रम में उन्होंने जिले में कितने खाद के थोक विक्रेता हैं इसकी जानकारी ली। उन्होंने संभावित सुखाड़ के मद्देनजर पशुओं के लिए पशुपालन पदाधिकारी को हर संभव तैयारी रखने की बात कही। पशुपालन, गव्य विकास, मत्स्य से संबंधित योजनाओं की समीक्षा करते हुए ज्यादा से ज्यादा लाभुकों को योजना का लाभ उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी श्रीराम शंकर प्रसाद, वरीय वैज्ञानिक सह कृषि विज्ञान केंद्र के प्रधान डॉ सुनीता कांडेयोग आदि थे।

## लातेहार से तीन साइबर अपराधी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** पुलिस ने जिले के ही दो लोगों से ठगी के मामले का उद्भेदन करते हुए तीन साइबर ठकों को गिरफ्तार किया है। लातेहार सदर थाना में शुक्रवार को प्रेस वार्ता कर सदर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि लातेहार धर्मपुर निवासी मनोज कुमार के साथ फ्लिपकार्ट का कस्टमर केयर बन कर अज्ञात साइबर अपराधियों द्वारा कुल 45 हजार रुपए की ठगी की गई थी। इस बाबत मनोज कुमार के लातेहार थाने में 29 मई को लिखित आवेदन देकर शिकायतत की थी। साथ ही लातेहार के होसिर ग्राम निवासी विनोद राम के साथ फोन पे पर कैश बैंक का ऑफर देकर अज्ञात साइबर अपराधियों द्वारा एक लाख, 30 हजार रुपए की ठगी की गई थी। विनोद राम ने भी 10 अगस्त को थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद लातेहार एसपी ने



उपरोक्त कांडों के उद्भेदन व अज्ञात साइबर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी दल का गठन किया था। जिसने त्वरित कार्रवाई करते हुए तकनीकी साक्ष्य एवं गुप्त सूचना के आधार पर जामताड़ा जिले के कर्माटांड़ से साइबर अपराधी चंदन कुमार तुरी को गिरफ्तार किया। उसने लातेहार थाना कांड संख्या 143/2022 में अपनी संलिप्तता को स्वीकार किया गया। उसके पास से घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन और सिम कार्ड जब्त कर लिया है। साथ ही छापामारी दल ने तकनीकी साक्ष्यों एवं गुप्त सूचना के आधार पर देवघर जिले के पालाजोरी थाना क्षेत्र स्थित तेतरिया ग्राम से साइबर अपराधी रंजीत कुमार यादव और शुभम कुमार यादव को गिरफ्तार किया है। उनके पास से घटना में इस्तेमाल मोबाइल फोन बरामद किया गया है। दोनों आरोपितों ने लातेहार थाना कांड संख्या 205/ 22 में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। इस दौरान छापामारी अभियान में पुलिस अवर निरीक्षक दीपक नारायण सिंह, आ/ 491 वीरेंद्र पासवान साइबर सेल लातेहार, आ/947 सुरेश कुमार सिंह साइबर सेल मौजूद थे।

## समाहरणालय में लगा जनता दरबार




लातेहार (आजाद सिपाही)। समाहरणालय में शुक्रवार को जनता दरबार लगाया गया, जिसमें डीसी भोर सिंह यादव ने जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से आये ग्रामीणों की समस्याओं को सुनी। इसके निराकरण के लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिया। उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि सभी ग्रामीणों की समस्याओं का निष्पादन किया जायेगा। उन्होने संबंधित अधिकारियों को आवेदनों का भौतिक सत्यापन कर प्राथमिकता के आधार पर समस्याओं का समाधान करने को कहा। इस दौरान जनता दरबार में विभिन्न पेंशन योजना, जमीन विवाद, आवास योजना और अन्य समस्याओं के आवेदन आये। डीसी ने सभी आवेदनों को संबंधित विभाग एवं पदाधिकारियों को अग्रसारित कर दिया। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं व शिकायतों के समाधान के लिए जिला, अनुमंडल व प्रखंड स्तरीय कार्यालयों में प्रत्येक मंगलवार व शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन करने का निर्देश दिया है।

## बरवाडीह प्रखंड कार्यालय में जनता दरबार लगाकर सुनी गयी ग्रामीणों की समस्याएं



बरवाडीह (आजाद सिपाही)। बरवाडीह प्रखंड मुख्यायल परिसर में डीसी भोर सिंह यादव के निर्देश पर विशेष जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसमें बीडीओ राकेश सहाय, सीओ रमेश प्रसाद गुप्ता, पूर्वी जिला परिषद सदस्य कन्हाई सिंह आदि मौजूद रहे। जनता दरबार में किसानों से संबंधित समस्या ज्यादा देखी गई। जहां फसल सुखाड़ राहत का फॉर्म लेकर अपनी समस्याओं से बीडीओ को अवगत कराया। साथ ही विभिन्न प्रकार के पेंशन, पीएम आवास, अंबेडकर आवास जैसे आवेदन प्राप्त हुए। इस दौरान कुछ मामलों का तत्काल निष्पादन भी किया गया। इसके साथ ही बीडीओ ने कुछ मामलों का जांच के उपरांत संज्ञान लेने का निर्देश संबंधित कर्मियों को दिया गया। इस जनता दरबार के दौरान लोगों ने विभिन्न प्रकार की समस्याएं बरवाडीह प्रखंड विकास पदाधिकारी के समक्ष रखी और उसके तत्काल समाधान की अपील की। इस पर बीडीओ ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र में सुखाड़ की स्थिति को देखते हुए सरकार की ओर से संचालित सुखाड़ राहत योजना को लेकर फॉर्म भरे जा रहे हैं। जो किसान इस योजना के लिए अहर्ता रखते हैं। वैसे किसाने यथाशीघ्र उखाड़ राहत योजना के लिए फॉर्म भर सकते हैं, ताकि उन किसानों को सुखाड़ राहत संबंधी योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सके।

## सिविल कोर्ट में मध्यस्थता स्पेशल ड्राइव 12-16 सितंबर तक

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। मोटर वाहन दुर्घटना से संबंधित दावा केस एवं चेक अनादरण से संबंधित वादों के निष्पादन के लिए 12 से 16 सितंबर तक लोहरदगा सिविल कोर्ट स्थित जिला मध्यस्थता केंद्र में 'स्पेशल मध्यस्थता ड्राइव' का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए डालसा सचिव राजेश कुमार ने बताया कि मध्यस्थता स्पेशल ड्राइव को सफल बनाने के उद्देश्य से प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार राजेंद्र बहादुर पाल समय-समय पर न्यायिक अधिकारियों एवं पक्षकार के अधिवक्ताओं से बैठक कर रहे हैं। डालसा सचिव को अवश्य निर्देश भी दिए जा रहे हैं। डालसा सचिव ने बताया कि मध्यस्थ के माध्यम से लिए गए निर्णय दोनों पक्षकारों की सहमति से होते हैं। एक निष्पक्ष मध्यस्थ जिसकी स्पेशल ट्रेनिंग होती है, दोनों पक्षों को निर्णय पर पहुंचाने में मदद करता है। अतः वाद के पक्षकारों को इस अवसर का लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने बताया कि सरकार एवं सर्वोच्च न्यायालय आपसी विवाद के मामलों को सुलझाने के लिए वैकल्पिक न्याय व्यवस्था के तहत 'मध्यस्थता से सुलह' को बढ़ावा देना चाहते हैं। इसी लिए सिविल प्राकृति के मुकदमे, व्यवसायिक लेन-देन और वैवाहिक विवाद आदि का निस्तारण होता है।

## करमा पर्व त्योहार ही नहीं, प्रकृति पूजन का संदेश भी है : रोहित उरांव

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** सूबे के वित्त मंत्री सह लोहरदगा विधायक डॉ रामेश्वर उरांव के बेटे रोहित उरांव ने भंडरा एवं कैरो प्रखंड के ग्राम धोबली, बंडा, छोटा अम्बेरा, मुकुंदा, कुंदो, कांजो, पंडरिया, बड़ा अंबेरा, कैरो जामुन टोली, टाटी, गीतिलगड, गराडीह, ख्वास अंबवा, नगड़ा एवं बक्सि आदि गांवों में करमा पर्व धूम-धाम से मनाने के लिए मांदर का वितरण किया। उन्होंने कहा कि हम इस पर्व के माध्यम से अपनी सभ्यता और संस्कृति को



और मजबूत बनाने का संकल्प लें। करमा सिर्फ त्योहार मात्र नहीं है, बल्कि यह कई संदेश भी देता है। यह पर्व मानव जीवन का प्रकृति से अटूट लगाव को दर्शाता है। सदियों से मानव सभ्यता और प्रकृति के बीच के समन्वय को बताता है।

यहां चलना ही नृत्य है और बोलना ही गान है। करमा पर्व इसी की पहचान है। उन्होंने अपनी संस्कृति को बचना एवं धूम-धाम से करमा पर्व मनाने का बात कही। आदिवासी समाज के युवकों को अपनी संस्कृति एवं सभ्यता को आगे बढ़ाने की जिमेवारी होनी चाहिए। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि निशिथ जायसवाल, संतोष महतो, असलम अंसारी, भंडरा प्रखंड अध्यक्ष डोमना उरांव, बुधवा उरांव, सुशील उरांव, हरिदास उरांव, बिगा पहान, बिरशु उरांव, नारायण उरांव, शिव उरांव, विजय उरांव आदि थे।

## सेन्हा में पिकअप वाहन के टक्कर से डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा क्षतिग्रस्त



सेन्हा/लोहरदगा (आजाद सिपाही)। सेन्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत सेन्हा राम मुहल्ला में गुरुवार की देर रात मिक्सर मशीन टोचन कर ले जा रहा पिकअप मालवाहक गाड़ी के टक्कर से बिजली खंभा व डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा क्षतिग्रस्त हो गई। इससे मुहल्ला वासी वाहन चालक के विरुद्ध आक्रोशित हो गये। उधर, घटना की सूचना पाकर सेन्हा थाना प्रभारी ऋषिकांत दलबल के साथ मौके पर पहुंच गए और वाहन को अपने कब्जे में ले लिया। साथ ही घटनास्थल की जांच करने के बाद वाहन व मशीन को थाने ले गए। बताया जाता है कि ग्रामीणों ने क्षतिपूर्ति को लेकर गाड़ी मालिक से मांग की है। जिसे वाहन मालिक के देने से इन्कार करने पर ग्रामीण व वाहन मालिक के बीच विवाद हो गया। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली संचालित नहीं होने के कारण बड़ा हादसा टल गया।

### किस्को कस्तूरबा व मध्य विद्यालय में पुस्तकालय का उद्घाटन

# छात्र-छात्राएं मन लगाकर पढ़ाई करें कामयाबी अवश्य मिलेगी : बीडीओ

आजाद सिपाही संवाददाता

**किस्को/लोहरदगा।** किस्को प्रखंड मुख्यालय के पास स्थित कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय और राजकीय कृत मध्य विद्यालय में विद्यार्थियों के सहूलियत के लिए शुक्रवार को बीडीओ अनिल कुमार मिंज ने पुस्तकालय का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय एवं राजकीय कृत मध्य विद्यालय में विद्यार्थियों की सहुलियत के लिए पुस्तकालय का शुभारंभ काफी सराहनीय पहल है। विद्यार्थी पूरी लगन के साथ पढ़ाई करें तो



पुस्तकालय भवन का उद्घाटन करते बीडीओ अनिल कुमार मिंज।

सफलता अवश्य मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रखंड क्षेत्र के अन्य सभी विद्यालयों में भी पुस्तकालय की व्यवस्था मुहैया कराने का प्रयास किया जायेगा जिससे बच्चे बेहतर शिक्षा ग्रहण कर सकेंगे। इधर पुस्तकालय का उद्घाटन कार्यक्रम के बाद कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा अपने हाथों से तैयार विभिन्न प्रकार के खिलौने, फूल आदि का बीडीओ ने मुआयना कर सराहना की। बीडीओ ने विद्यालय के बच्चियों की कारीगरी को और भी वृहद रूप से बढ़ावा देने की बात कही। इस मौके पर स्थापना सहायक कुलदीप केरकेट्टा, बीपीओ इंदु अग्रवाल, वार्डेन उर्मिला टोप्पो, पूर्व वार्डेन तरन्नुम नाज, आशा एक्का, आरती माधुरी तिग्गा, पिंकी देवी, अमरमनी कुमारी, नीलम डांग, अंकिता वमी, अप्रिला खलखो, संगीता साहू, सीमा कुजूर, राहुल कुमार, बुधराम उरांव, शिवचरण उरांव, देवकी तिग्गा, कलशी उरांव, संतोषी देवी, भिनसरिया देवी, फूलो देवी, तारा पन्ना, संजय कुमार, प्रीति कुमारी, तबारक हुसैन अंसारी आदि मौजूद थे।

## मध्यस्थता के जरिये होगा मामलों का निष्पादन



लातेहार (आजाद सिपाही)। झालसा रांची के निर्देश व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश सह लातेहार जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष अखिल कुमार के मार्गदर्शन में 12 से 16 सितंबर तक विशेष मध्यस्थता अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए मध्यस्थतकर्ताओं, पैनल अधिवक्ताओं एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से शुक्रवार को बैठक की गई। जिसमें सभी पक्षकारों (लाभुकों/ पक्षकारों) को इस अभियान का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव ने बताया कि 12 से 16 सितंबर तक वादो का निपटारा करने के लिए विशेष मध्यस्थता कार्यक्रम सुनिश्चित किया गया है। जिसमें शामिल होकर लोग लाभ उठाएं। साथ ही झारखंड उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार 19 सितंबर से 23 सितंबर तक कुटुंब न्यायालय से संबंधित वादो का निपटारा किया जाएगा। अतः पारिवारिक वादों से संबंधित सभी पक्षकारों को निर्देश दिया जाता है कि मध्यस्थता के लिए नियत तिथि पर उपस्थित हों। जिन पक्षकारों के वाद/केस की तिथि निर्धारित नहीं है या उक्त अवधि के बाद है, उसे भी पक्षकारों की सहमति से दोबारा बुलाकर मध्यस्थता की जाएगी। मध्यस्थता से संबंधित किसी भी तरह की सूचना के लिए लातेहार जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव से संपर्क कर सकते हैं।

## जविप्र दुकानों के दिये गये कोटा के राशन से निकल रहा प्लास्टिक युक्त चावल

# मुखिया ने डीएसओ से की जांच की मांग

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** जन वितरण प्रणाली की दुकानों से मिलने वाले चावल में प्लास्टिक युक्त चावल मिलने की बात सामने आ रही है। फेयर प्राइस डीलरों द्वारा वितरण किये गये राशन चावल में प्लास्टिक युक्त चावल निकलने से लाभुक काफी परेशान है। ग्रामीणों ने शुक्रवार को गुमला प्रखंड के वृंदा पंचायत अंतर्गत टांगर टोली के स्थानीय मुखिया सत्यवती देवी को मामले की जानकारी दी। यह शिकायतमिलने पर मुखिया लाभुकों के घर पहुंची और डीलर द्वारा दिये गये चावल की जांच हुई। जिसमें पाया गया कि चावल में सफेद रंग के प्लास्टिक युक्त चावल की मिलावट है। जो पकने के बाद चिपचिपा हो जा रहा है। लोगों की माने तो गुमला प्रखंड के अलावा घाघरा और पालकोट प्रखंड में भी कुछ राशन डीलर की दुकानों से राशन चावल में प्लास्टिक युक्त चावल मिलावट पायी गईं है। इस मामले को लेकर वृंदा मुखिया सत्यवती देवी गंभीर हो गई। और सामाजिक कार्यकर्ता बसंत लोहरा को लेकर जिला आपूर्ति कार्यालय पहुंचे। लेकिन डीएसओ से उनकी मुलाकात नहीं हो सकी। दोनो ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी से प्लास्टिक युक्त चावल मामले के जांच की मांग की है। जिससे भविष्य में इस तरह का मिलावट का शिकायत ना मिले। दोनों ने कहा कि इससे पूर्व ऐसे शिकायत नहीं मिली थी लेकिन वर्तमान में कई जगहों पर ऐसी सूचना मिल रही है।

# चार माह से लोग चुआं का पानी पीने को मजबूर



**हिमांशु रंजन**

**बसिया।** प्रखंड के लुंगटु खास में विगत 4 माह से चुआं का पानी पीने को मजबूर है। मालूम हो कि खास लुंगटु में विगत चार माह से मुख्यमंत्री जनजल योजना अंतर्गत लगाये गये जलमीनार खराब पड़ा हुआ है जिसके कारण स्थानीय ग्रामीण चुआं का पानी पीने को मजबूर है। युवा समाजसेवी संतोष तिर्की ने जानकारी देते हुए बताया कि खास लुंगटु में पिछले चार माह से जलमीनार खराब है ओर लोग चुआं की दूषित पानी पीने को मजबूर है। इस चुआं में बरसात का पानी घुस जाता है जिससे इस पानी के उपयोग करने पर ग्रामीणों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव हो रहा है और दूषित पानी पीने से गंभीर बीमारी होने की संभावना है। संतोष ने जानकारी देते हुए बताया चुआं की मरम्मत के लिये पंचायत के पूर्व मुखिया और पंचायत कर्मी से बोलने पर वे एक दूसरों पर टाल देते रहे है। स्थानीय ग्रामीणों ने संबंधित विभाग को जलमीनार को बनवाने की मांग की है।

## पिंजराडीपा के समीप दर्दनाक सड़क हादसे में दो की मौत

**गुमला/पालकोट (आजाद सिपाही)।** पालकोट थाना क्षेत्र के पिंजराडीप और बघिमा के बीच जबरा पुल के समीप सड़क दुघर्टना में दो लोगों की मौत हो गई। जबरा पुल के समीप स्थित तीखे मोड़ पर गुरुवार की रात्रि 10:30 बजे यह घटना घटी। मृतकों में एक युवक का नाम भीमसेन प्रधान बताया जा रहा है। जिसकी उम्र 20 वर्ष और तेतरडीह परसा थाना रायडीह का निवासी बताया जा रहा है। दूसरे व्यक्ति की पहचान धनेश्वर प्रधान के रुप में हुई है। जो सालयाटोली थाना गुमला का रहने वाला बताया जा रहा है। घटना के बाद प्रभारी थाना प्रभारी संदीप राज सशस्त्र बलों के साथ घटनास्थल पहुंचे। दोनों शव को कब्जे में लेकर शुक्रवार को पोस्टमार्टम के लिये गुमला भेज दिया। इस संबंध में प्रभारी थाना प्रभारी संदीप राज ने बताया।की घटना गुरुवार देर रात्रि की है। जबरा पुल के पास तीखा मोड़ होने के कारण मोटरसाइकिल का संतुलन बिगड़ गया और मोटरसाइकिल सहित भीमसेन प्रधान और धनेश्वर प्रधान सड़क किनारे खेत में जा गिरे। जिसके कारण दोनों की मौत हो गई। ग्रामीण बताते हैं कि घटना इतनी जबरदस्त थी। की देखने के बाद दिल दहल जाये। बताते चलें कि दोनों मृतक भीमसेन प्रधान और धनेश्वर प्रधान आपने पल्सर मोटसाइकिल से सिमडेगा जिला के लचडागढ जा रहे थे। जहां उनका ससुराल था। वे जैसे ही जबरा पुल के समीप तीखा मोड़ में पहुंचे मोटरसाइकिल का संतुलन बिगड़ गया। जिससे यह दुर्घटना हुई और मोटरसाइकिल में सवार दोनों युवकों की मौत हो गयी। पुलिस द्वारा दोनों को उठा कर पालकोट स्वास्थ केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टरों ने दोनों को युवकों को मृत करार दिया। मृतकों के परिजनों को घटना की सूचना दी गई। और दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए गुमला भेज दिया गया। इधर पालकोट थाना पहुंचे दोनों मृतकों के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## सात दिवसीय अंतर ग्रामीण हॉकी प्रतियोगिता का समापन

# हॉकी हमारा राष्ट्रीय खेल होते हुए भी हो रही विलुप्तः सांसद

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भरनो।** प्रखंड के वनटोली गांव स्थित खेल मैदान में शुक्रवार को सरना समिति नेहरु युवा क्लब वनटोली के तत्वाधान में आयोजित सात दिवसीय अंतर ग्रामीण हॉकी प्रतियोगिता का समापन किया गया। प्रतियोगिता का फाइनल मैच में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद सुदर्शन भगत और विशिष्ट अतिथि के रूप में जिप सदस्य जेंगा उरांव शामिल हुए। मौके पर अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और बॉल को स्टिक से मारकर उद्घाटन किया गया। जिसमें कुल 46 टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का फाइनल मैच मोरगांव बनाम पांडेपारा टीम के बीच खेला गया, निर्धारित समय के अनुसार दोनों टीमें गोल नहीं कर पायी, फिर पेनाल्टि सूट का सहारा लिया गया। जिसमें पांडेपारा की टीम एक गोल से विजय हुई। प्रतियोगिता के बतौर मुख्य अतिथि सांसद सुदर्शन भगत द्वारा विजेता टीम को एक बड़ा खस्सी और एक जर्सी सेट देकर सम्मानित किया गया। वहीं उपविजेता टीम को विशिष्ट अतिथि जीप सदस्य जेंगा उरांव ने एक खस्सी और जर्सी सेट देकर पुरुस्कृत किया। वहीं इस प्रतियोगिता में तृतीय और चतुर्थ स्थान लाने वाले टीमों को भी पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मौके पर सांसद सुदर्शन भगत ने कहा की हॉकी हमारा राष्ट्रीय खेल है, परंतु यह दिन दिन विलुप्त होता जा रहा है, परंतु हमारे ग्रामीण क्षेत्र के युवा हॉकी को पुनर्जीवित करने के प्रयास किया है, जिससे ग्रामीण क्षेत्र में हॉकी की काफी प्रतियोगिता देखने को मिलती है, जो काफी सराहनीय है। उन्होंने यह भी कहा की खेल के माध्यम से बेहतर कैरियर भी बनाया जा सकता है। उन्होंने हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जी को याद करते हुए कहा कि कुछ दिनों पहले ही हमलोगों ने उनकी जयंती पर खेल दिवस मनाया है, उन्होंने वनटोली के खेल मैदान में अपने मद से मिनी स्टेडियम बनाने का एलान किया। वहीं मौके पर विशिष्ट अतिथि जिप सदस्य जेंगा उरांव ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ियों को सही प्लेटफार्म मिलने से यहां के खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपने प्रतिभा को प्रदर्शन कर भविष्य बना सकते हैं।



### हॉकी प्रतियोगिता को सफल बनाने में इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका

इस हॉकी प्रतियोगिता को सफल बनाने मे सांसद प्रतिनिधि रामनंदन शाही, राकेश भगत, हरिराम उरांव, जनता उरांव, कुलदीप उरांव, विनोद यादव, अनमोल खाखा, दीपक उरांव, अंशु उरांव, दिलीप गोप, राजेश उरांव, मेंजरस खाखा, शिव सिंह, रामकुमार सिंह, जगजीवन सिंह, पंकज सिंह, संदीप सिंह, बजरंग केशरी समेत युवा क्लब के सदस्यों ने सराहनीय भूमिका निभायी।

## केसीसी ऋण स्वीकृति शिविर का आयोजन

**बसिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित कृषि भवन में शुक्रवार को बैंक ऑफ इंडिया के द्वारा केसीसी ऋण स्वीकृति शिविर का आयोजन शाखा प्रबंधक जयकिशुन गुप्ता के नेतृत्व में किया। इस शिविर में 32 आवेदन जिसकी कुल राशि 16 लाख 50 हजार रुपया स्वीकृत किया गया। इस शिविर में प्रखंड कृषि पदाधिकारी, बीटीएम नीरज कुमार, एटीएम, कृषि मित्र एवं लाभुक शामिल थे।

## दुर्घटना में पांच घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** शहर से सटे डीएवी स्कूल मोड़ के समीप नशे में धुत एक स्कूटी सवार ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में स्कूटी में सवार दो युवक और एक युवती गंभीर सहित बाइक में सवार एक वृद्ध व एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। किसी ने पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना के बाद गुमला थाना की टीम घटना स्थल पर पहुंच कर घायलों को सदर अस्पताल भेजा। सदर अस्पताल गुमला में घायलों का उपचार चल रहा है। बताया जा रहा है कि स्कूटी में दो युवक और एक युवती सवार होकर गुमला की ओर आ रहे थे। वहीं गुमला की ओर से चूड़ी व्यवसायि कोटाम निवासी 30 वर्षीय हदीश अंसारी अपने पिता 68 वर्षीय हुसैन अंसारी को लेकर कोटाम जा रहा था ।

# दिलीपनाथ साहू के सर पर फिर आजसू जिलाध्यक्ष का ताज, आनंद बने महासचिव

**आजाद सिपाही संवाददाता**





**गुमला।** आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष का ताज एक बार फिर दिलीप नाथ साहू के सर पर सजाया गया। उन्हें पार्टी ने जिला अध्यक्ष के लिए पुनः मनोनीत किया है। वही प्रधान महासचिव के रूप में शहर के हर दिल अजीज युवा आनंद गुप्ता को जिम्मेदारी सौंपी गई है। आजसू पार्टी गुमला जिला समिति का विस्तार करते हुए पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह झारखंड सरकार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो के निर्देश पर पार्टी के मुख्य केंद्रीय प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत के द्वारा गुमला जिला के पदाधिकारियों की सूची जारी की गई। जारी सूची के अनुसार जिला अध्यक्ष दिलीप नाथ साहू, जिला उपाध्यक्ष राजकुमार खड़िया, मुकेश कुमार महतो,विनोद उरांव, रामू गोप, दिनेश यादव, मनदीप महली, छत्रपाल साहू, मृत्युंजय नाथ, लक्ष्मी नारायण साहू, देवेंद्र खैरवार, अजय सिंह, प्रेम पवन तिग्गा, मकबूल अंसारी, गयासुद्दीन शेख, जिला प्रधान सचिव आनंद कुमार गुप्ता, जिला सचिव देवेंद्र साहू, दीपक साहू, वीरेंद्र राम महली, गोलू श्रीवास्तव, सद्दाम हुसैन, जिला कोषाध्यक्ष तुलसी साहू, सह कोषाध्यक्ष विकास अग्रवाल, जिला प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी सुरेंद्र जयसवाल, जिला कार्यकारिणी सदस्य लखेसर सिंह, बिरजू टाना भगत, करीम खान, मनोहर कुमार, कुंदन दास, सूरज कुमार, फूलचंद राम, अनूप कुमार, अमरदीप गोप, निरंजन प्रसाद, बुद्धिजीवी मंच जिलाध्यक्ष बद्री गुलशन, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष आमिर खान, छात्रसंघ अध्यक्ष पंकज साहू, ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष दीपक साहू, एसटी मोर्चा अध्यक्ष अजय भगत, मोती महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष किरण सिंह, खेलकूद प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष मोहम्मद सादिक अंसारी, किसान मोर्चा अध्यक्ष 7 मेघनाथ साहू, अनुसूचित जाति मोर्चा सानू कुमार, श्रमिक संघ अध्यक्ष फगुआ साहू, कला संस्कृति प्रकोष्ठ अध्यक्ष दिलीप गोप को मनोनित किया गया है। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियो को केंद्रीय प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, केंद्रीय सचिव गोपीनाथ सिंह, केंद्रीय सदस्य दुर्गा साहू, सुंडी समाज के जिला अध्यक्ष सूरज कुमार साहू, पूर्व सचिव मनोज कुमार, मनिंदर साहू सिसई, उपाध्यक्ष, बिना देवी सचिव, अलका देवी डुमरी प्रखंड अध्यक्ष मोजामिल आलम, दीपक साहू, अनिस पूरी, धीरज साहू, प्रखंड अध्यक्ष बसिया राहुल कुमार, पालकोट प्रखंड अध्यक्ष, भरनो, मंसिचरन बड़ा चैनपुर, दीपक टोप्पो रायडीह, रवि राम, आदि ने बधाई देते हुए अच्छे कार्यकाल की कामना की है।

## बैठक में दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर चर्चा



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** आदर दुर्गा पूजा समिति की बैठक शुक्रवार को मंदिर प्रांगण में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता राजीव उरांव ने की। बैठक में दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर चर्चा की गई। साथ ही सर्व समिति से पुरानी कमेटी को भंग कर नये कमेटी का चयन किया गया। जिसमें अध्यक्ष गोपाल गोप, उपाध्यक्ष अभय कुमार साहू, योगेंद्र महतो, सचिव सुमंत कुमार ठाकुर, सहसचिव ज्योति लाल महतो, हरि शंकर गोप, गौरीशंकर साहू, कोषाध्यक्ष समत साहू, सहकोषाध्यक्ष अजीत वर्मा, पप्पू कुमार गुप्ता, संरक्षक कुमार रवि, शशि शेखर शाहा, कुवर वर्मा, हीराचंद भगत, मनधीरन भगत, अनूप सिंह, श्रावण साहू, प्रकाश चंद्र भगत का नाम शामिल है। मौके पर नव चयनित अध्यक्ष गोपाल गोप ने कहा की समिति के सदस्यों द्वारा जो मुझे जिम्मेवारी सौंपी गई है, सदस्यों के सहयोग से निर्वहन करुंगा। पिछले 2 वर्ष से कोरोना काल के बाद इस वर्ष धूमधाम से पूजा कार्यक्रम करने का मौका मिला है। हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से पूजनोत्सव की जायेगी। साथ ही विशेष आकर्षक लाइटिंग की व्यवस्था होगी जो आकर्षण का केंद्र रहेगी।

## संघन वाहन जांच अभियान चलाया गया



**डुमरी/गुमला (आजाद सिपाही)।** आज दिन शुक्रवार दोपहर थाना प्रभारी मनीष कुमार के नेतृत्व में नवाडीह चौक के समीप वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान दोपहिया चार पहिया वाहनों को चेकिंग किया गया दो पहिया वाहन व चार पहिया वाहन दोनों वाहनों को बारीकी से चेक किया गया। गाड़ी के कागजात सहित हेलमेट की भी जांच की गईं। जिसने दो पहिया वाहन हेलमेट नहीं लगाये थे। उन्हें चालान कर दिया गया। लगभग 50 से अधिक मोटरसाइकिल की चालान कर दी गई और चार पहिया वाहन वालों को कड़ी हिदायत देकर छोड़ा गया। थाना प्रभारी मनीष कुमार ने कहा बड़े छोटे वाहनों के चालक अपने वाहनों के सभी कागजात साथ लेकर चलें एवं दो पहिया वाहन चालक हेलमेट पहन कर हीं वाहन चलायें। मौके पर थाना प्रभारी सहित थाना शस्त्रबल उपस्थित थे।

## करम पूर्व संध्या समारोह का आयोजन 4 को

**बसिया (आजाद सिपाही)।** आगामी 4 सितंबर को प्रखंड मुख्यालय स्थित सरना मैदान स्टेडियम में सुबह 11 बजे से करमा पूर्व संध्या समारोह का आयोजन किया गया है। जिसमें मुख्य अथिति सिसई विधायक जिग्गा सुसारण होरो एवं विशिष्ट अथिति विशुनपुर विधायक चमरा लिंडा के शामिल होने की उम्मीद है। इस करमा पूर्व संध्या समारोह में प्रत्येक गांव टोलों से 60 से अधिक नृत्य खोड़हा शामिल होंगे।

## करौंदबेड़ा में शहादत दिवस का आयोजन



**गुमला (आजाद सिपाही)।** पालकोट प्रखंड के करौंदाबेड़ा पल्ली चर्च में शहादत दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस वर्ष शहीद फादर लॉरेंस कुजूर, शहीद फादर जोसेफ डुंगडुंग, शहीद ब्रदर अमर अनुप इंदवार की 28 वी पूण्य तिथि मनायी गई। कार्यक्रम के मुख्य अधिष्ठाता सह मुख्य अतिथि आर्च विशप फिलेक्स टोप्पो सह अधिष्ठाता सिमडेगा धर्मप्रांत के बिशप विसेंट बरवा ने ध्वजारोहण कर दीप प्रजवल्लित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। अतिथियों ने मिस्सा पूजा के पश्चात मुख्य कार्यक्रम में आर्च विशप फिलेक्स टोप्पो ने उपस्थित कलीसिया समाज के लोगो को संबोधित करते हुये कहा कि अधर्म व अविश्वास के खिलाफ इस पवित्र स्थान के तीन धर्मगुरुओं ने अपने जीवन का त्याग कर शाहिद का दर्जा प्राप्त किया। असंख्य चुनौतियों के बीच कलीसिया के लिए कितने लोगों ने अविश्वास व अधर्मता को अस्वीकार कर बलिदान के मार्ग को चुना है। उसी तरह जिस तरह प्रभु ने अधर्म अस्वीकार्यता के लिए शारीरिक व मानसिक यातना को सहते हुये क्रूस में झूल जाना स्वीकार किया। हम सभी करौंदाबेड़ा शहीदों के पुण्य तिथि पर एकत्र होकर शहीदों के पुण्य तिथि को आदर्श के रुप स्वीकार करें। शहीदों को आत्मा से श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के दौरान कलीसिया समाज के बच्चियों के आकर्षक नृत्य एवं संगीत के बीच कार्यक्रम स्थल में बाइबल प्रवेश कराया गया। इस अवसर पर स्कूली छात्र-छात्राओं के द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। वही कोयर दल के द्वारा आकर्षक भजन प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर गुमला विशप हाउस के प्रसाशक फा लिबनुस पिंगल एक्का, फादर सप्रियन कुल्लू, करौंदाबेड़ा पल्ली के पल्ली पुरोहित फादर डीन मोजेश खलखो, फादर शैलेश कुजूर, फादर प्रभुदास तिर्की, फादर अविनाश लकड़ा, फादर पिंगल कुजुर, फादर सलेस्टिन मिंज, फादर अजय तिर्की, फादर अरविंद कुजूर, फादर रोशन केरकेट्टा, फादर नवीन कुल्लू, फादर कुलदीप टोप्पो, फादर रॉबर्ट लकड़ा, फादर माइकल लकड़ा, फादर जॉर्ज स्टीफन, फादर अमित कुजूर, फादर सुधीर कुजूर, फादर निकोलस टेटे सहित धर्म गुरु ब्रदर, सिस्टर एवं काफी संख्या में खीस्तीय बिस्वासी समाज के लोग उपस्थित थे।

## बाइक चोरी को लेकर मामला दर्ज

**सिसई (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के महुदा खिजर टोली गांव निवासी प्रदीप खड़िया ने मोटरसाइकिल चोरी को लेकर अज्ञात चोरों के विरुद्ध शुक्रवार को केस दर्ज कराया है। दर्ज केस में कहा गया है कि बीते बुधवार को नागफेनी अम्बा घाघ पिकनिक मनाने गये हुए थे। जहां जेएच 07 के 0569 एनएस पल्सर मोटरसाइकिल को खड़ा कर घूम फिर रहे थे। करीब 5.30 बजे घर वापस लौटने के लिए मोटरसाइकिल के पास आए तो मोटरसाइकिल वहां से गायब था। काफी खोजबीन करने के बाद भी मोटरसाइकिल का कहीं पता नहीं चल पाया।

## बैंक ऑफ इंडिया के पदाधिकारियों ने की बैठक

# ग्राहकों की समस्याओं को हम जल्द दूर करेंगेः वरिष्ठ शाखा प्रबंधक

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**घाघरा।** व्यावसायी वर्ग और बैंक ऑफ इंडिया के पदाधिकारियों की बैठक गुरुवार की देर शाम बैंक परिसर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अंचलाधिकारी प्रणव ऋतुराज ने की। जहां मौजूद लोगों ने जोनल मैनेजर संजय खेमका एवं एआइबीओसी के जेनरल सेक्रेटरी सुनील लकड़ा को संयुक्त रूप से धन्यवाद दिया कि उन्होंने पिछले दिनों हुए विवाद में हस्तक्षेप कर बैंक को खुलवाया। वहीं मौजूद बैंक के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक रोशन चौधरी ने कहा कि बैंक के ग्राहकों को मूलतः जो समस्यायें आ रही है, उन समस्याओं को हम जल्द दूर करेंगे और प्रबंधन ने बताया कि भीड़ नियंत्रण से संबंधित ठोस समाधान का रास्ता निकाला जा चुका है। जिसे जल्द लागू किया जायेगा। जिसका सुखद परिणाम आप सबको जल्द देखने को मिलेगा।



### मौके पर ये रहे मौजूद

इस मौके पर घाघरा थाना प्रभारी अमित चौधरी, शाखा प्रबंधक विकास तिग्गा, रमीज, प्रदीप प्रसाद शंभू साहू योगेंद्र भगत, जुगल साहू, हेमंत झा, कमलेश ठाकुर, मनोज साहू, भीम यादव, किशोर जायसवाल, मनोज सिन्हा, आजाद साहू, कुमार अनिल पप्पू, हेमंत सिंह, अनिल प्रसाद सहित कई व्यवसायी एवं बैंक कर्मी मौजूद थे।

### व्यापारी वर्ग के लिए अलग से की जाये एक काउंटर की व्यवस्था

बैठक में मौजूद व्यवसायियों ने बैंक कर्मियों द्वारा उनके प्रति व्यवहार पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि बैंक कर्मियों को हम व्यवसायी के प्रति व्यवहार सुदृढ और बैंकिंग प्रक्रिया को दुरुस्त करें। एक अलग काउंटर की व्यवस्था करायी जाये। साथ ही व्यवसायियों द्वारा जमा किया गया चेक में आई तकनीकी गड़बड़ियों को मोबाइल फोन के माध्यम से तुरंत जानकारी देने की बात कही गई। जिससे व्यवसायी आश्वत हो जाये। इन सभी प्रमुख बिंदुओं पर प्रबंधक रोशन चौधरी सहित अन्य बैंकर्स द्वारा ग्राहकों को ज्यादा से ज्यादा सुविधा देने पर सहमत हुए। इधर छोटे राशि ट्रांजैक्शन करने वाले उपभोक्ताओं के लिये अन्य बैंकिंग व्यवस्था देकर भीड़ को नियंत्रण करने का फैसला लिया गया। जिसमें और अतिरिक्त बीसी केंद्र, एटीएम कार्ड साथ ही नेट बैंकिंग की सुविधा देने के लिए बायोमेट्रिक सिस्टम को जल्द अपडेट करके उपभोक्ताओं को सुविधा देने की बात पर सहमति बनी। हालांकि केवाइसी से संबंधित आवेदनों को रांची भेजकर अपडेट कराया जा रहा है ताकि यह समस्या का निदान त्वरित हो सके।

